बालाघाट, सोमवार 26 जनवरी 2026 | कृष्ण शुक्ल 08 विक्रम सम्वत 2082 | वर्ष 16, अंक 125 | { विश्वास वही रफ्तार नई } | पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 7.00

गणतंत्र दिवस की कोटिशः

पद्मेश मीडिया समूह का प्रकाशन

हिन्दी दैनिक

# बालाघाट एक्सप्रेस

/padmeshmedia | /padmeshmedia | epaper.balaghatexpress.in | E-mail: balaghatexpress@gmail.com

## खास खबर

### वरिष्ठ पत्रकार सर मार्क टली का 90 साल की उम्र में निधन

नई दिल्ली। वरिष्ठ पत्रकार सर मार्क टली का रविवार 25 जनवरी को 90 साल की उम् में निधन हो गया। उनके निधन की पुष्टि बीबीसी में उनके पूर्व सहयोगी रहे सतीश जैकब ने की है। मार्क टली उस दौर के माने हुए पत्रकार थे जबकि भारत में टेलीविजन भी नहीं था। भारत में बीबीसी के पूर्व ब्यूरो चीफ रहे वरिष्ठ पत्रकार सर मार्क टली ने नई दिल्ली में आखिरी सांस ली। बीबीसी से प्रथक होने के बाद से मार्क टली स्वतंत्र पत्रकार के तौर पर सक्रिय रहे। मार्ट टली कलकत्ता में जन्में थे और उनकी स्कूलिंग दार्जिलिंग में हुई थी। जानकारी अनुसार मार्क टली ने ट्रिनिटी हॉल, कैम्ब्रिज से हिस्ट्री और थियोलॉजी में मास्टर्स डिग्री हासिल की थी। प्रारंभ के दो साल तक उन्होंने फर्स्ट रॉयल ड्रैगून में कार्य किया और फिर एबेफील्ड सोसाइटी के रीजनल डायरेक्टर के तौर पर कार्यभार ग्रहण किया। इसके बाद 1964 में वे बीबीसी से जुड़ गए और यहां चार दशक तक सफल पत्रकार के तौर पर कार्य किया।

### न्याय में देरी-न्याय का विनाश, और अन्याय है- सूर्यकांत

नई दिल्ली। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा है। देश के हाईकोर्ट का भविष्य इस बात पर निर्भर करता है। वह सक्रिय अदालत के रूप में कैसे काम करते हैं। हाईकोर्ट और उसकी अधीनस्थ अदालतें आम नागरिकों के हितों की रक्षा कर पाती हैं, या नहीं। उन्होंने कहा कि न्याय यदि देर से मिलता है। तो वह न्याय के नाम पर विनाश है। एक तरीके से इसे न्याय के नाम पर अन्याय माना जाएगा। शनिवार को एक कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा, अदालतों को मूक नहीं रहना चाहिए। हाईकोर्ट को अपनी शक्तियों को मजबूत करने और कार्य प्रणाली में सुधार लाने के लिए निरंतर प्रयास करने होंगे। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि न्यायालयों को डिजिटल गेटवे का ज्यादा से ज्यादा और बेहतर इस्तेमाल सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने महाराष्ट्र के गढचिचोली की आदिवासी महिला मजदूर को यदि घर बैठे त्वरित न्याय मिलता है।

## शुभकामनाऐं

सम्मानीय जिलेवासियों एवं बालाघाट एक्सप्रेस के सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं, संवाददाताओं एवं शुभचिंतकों को भारत के ७७ वें गणतंत्र दिवस की कोटिशः शुभ मंगलकामनाऐं!

-सम्पादक

## अवकाश सूचना

बालाघाट एक्सप्रेस के सम्मानीय सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि आज २६ जनवरी २०२६ गणतंत्र दिवस के अवसर पर बालाघाट एक्सप्रेस कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक २८ जनवरी २०२६ को प्रकाशित एवं प्रसारित होगा।

-सम्पादक

## कुछ ना कहना




### गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का राष्ट्र के नाम संदेश कहा -

# 'देश के बहुआयामी विकास को नई दिशा दे रहे युवा और महिलाएं'

नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का राष्ट्र के नाम संबोधन देश के लोकतांत्रिक मूल्यों, सांस्कृतिक एकता और महिला सशक्तिकरण की उपलब्धियों से भरा रहा। अपने प्रेरक संदेश में उन्होंने कहा कि भारत का युवा वर्ग और महिलाएं मिलकर देश के बहुआयामी विकास को मजबूती से आगे बढ़ा रहे हैं।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें अतीत, वर्तमान और भविष्य को एक सूत्र में जोड़ने का अवसर देता है। 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत ने अपनी राष्ट्रीय नियति स्वयं तय की और 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू होने के साथ एक सशक्त लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में अपनी पहचान स्थापित की। उन्होंने संविधान में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता को भारत की एकता और लोकतंत्र की मजबूत नींव बताया।



अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती और उससे जुड़े आयोजनों का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसे अवसर राष्ट्रीय एकता की भावना को और प्रबल बनाते हैं। उन्होंने भारत की उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक फैली प्राचीन सांस्कृतिक एकता को लोकतंत्र की जीवंत शक्ति बताया।

राष्ट्रपति मुर्मू ने 'वंदे मातरम्' की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने का भी उल्लेख किया और कहा कि यह गीत जन-जन में राष्ट्रप्रेम की भावना जगाता है। बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित इस राष्ट्गीत को सुब्रमण्य भारती और श्री अरबिंदो जैसे महान विचारकों ने अलग-अलग भाषाओं में व्यापक स्वरूप देकर पूरे देश को जोड़ा।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती और 'पराक्रम दिवस' का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि 'जय हिंद' का उद्घोष आज भी देशवासियों, विशेषकर युवाओं, को साहस और देशभक्ति की प्रेरणा देता है।

### महिला सशक्तिकरण पर जोर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महिला सशक्तिकरण को देश के सर्वांगीण विकास का अहम स्तम्भ बताया। उन्होंने कहा कि देश की बहनें और बेटियां परंपरागत सीमाओं को तोड़कर खेती-किसानी से लेकर अंतरिक्ष, स्व-रोजगार से लेकर सुरक्षा बलों और खेल जगत तक हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रही हैं। दस करोड़ से अधिक स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने विकास की नई तस्वीर पेश की है।

खेलों में महिलाओं की उपलब्धियों की सराहना करते हुए राष्ट्रपति ने महिला क्रिकेट और शतरंज में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की बेटियों की ऐतिहासिक सफलताओं को गर्व का विषय बताया। उन्होंने कहा कि ये उपलब्धियां आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। अब खेती-किसानी से लेकर अंतरिक्ष अनुसंधान तक, स्व-रोजगार से लेकर सुरक्षा बलों तक हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं।

### मन की बात में पीएम मोदी ने कहा- मजबूत लोकतंत्र की नींव जागरुक मतदाताओं पर टिकी

# दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बना भारत

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम के 130वें एपिसोड में देशवासियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुभकामनाएं दीं और कहा, मतदाता लोकतंत्र की आत्मा होते हैं और मजबूत लोकतंत्र की नींव जागरूक मतदाताओं पर टिकी होती है। उन्होंने सुझाव दिया कि जिस तरह जन्मदिन मनाया जाता है, उसी तरह जब कोई युवा पहली बार वोटर बने तो पूरे मोहल्ले, गांव या शहर में उसे बधाई देकर मिठाई बांटी जानी चाहिए। इससे मतदान के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना बढ़ेगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात में सोशल मीडिया पर चल रहे 2016 की तस्वीरें साझा करने के ट्रेंड का जिक्र करते हुए कहा, कि बीते 10 वर्षों में देश ने हर क्षेत्र में बड़े बदलाव देखे हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है। ऐसे-ऐसे स्टार्टअप सामने आए हैं, जिनकी 10 साल



पहले कल्पना भी मुश्किल थी। पीएम मोदी ने स्टार्टअप से जुड़े युवाओं को सलाम करते हुए कहा कि देश के युवाओं की सोच और मेहनत भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जा रही है।

स्टार्टअप इंडिया पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज एआई, स्पेस, न्यूक्लियर एनर्जी, सेमीकंडक्टर, मोबिलिटी, ग्रीन हाइड्रोजन, बायोटेक्नोलॉजी जैसे हर सेक्टर में भारतीय स्टार्टअप सक्रिय हैं। उन्होंने 'क्वालिटी' पर विशेष जोर देते हुए कहा कि इंडियन प्रोडक्ट का मतलब क्वालिटी बनना चाहिए और इसमें किसी भी तरह का समझौता नहीं होना चाहिए।

### तमसा नदी जनभागीदारी का उत्तम उदाहरण

अपने संबोधन में पीएम मोदी ने जनभागीदारी के उदाहरण भी साझा किए। उन्होंने उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ की तमसा नदी का उल्लेख करते हुए कहा कि लोगों ने सामूहिक प्रयास से नदी को नया जीवन दिया है। इसी तरह आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले में सूखे से जूझ रहे क्षेत्र में जनसहयोग से 10 से अधिक जलाशयों को पुनर्जीवित किया गया और 7,000 से ज्यादा पेड़ लगाए गए, जिससे जल संरक्षण के साथ हरियाली भी बढ़ी है।

### मलेशिया के तमिल स्कूलों का किया जिक्र

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारतीय संस्कृति और त्योहारों की पहचान आज पूरी दुनिया में बन रही है। विदेशों में रहने वाले भारतीय अपनी भाषा और संस्कृति को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने मलेशिया के तमिल स्कूलों, गुजरात के बेचराजी के चंदनकी गांव के कम्यूनिटी किचन, अरुणाचल प्रदेश और असम में युवाओं द्वारा स्वच्छता के प्रयासों का भी उल्लेख किया। पीएम मोदी ने कहा कि जनभागीदारी और सामूहिकता ही देश की सबसे बड़ी ताकत है।















# गणतंत्र दिवस पर अंबेडकर चौक में भूतपूर्व सैनिक संघ करेगा ध्वजारोहण, सुबह 9 बजे होगा कार्यक्रम

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर इस वर्ष भी भूतपूर्व सैनिक संघ द्वारा स्थानीय अंबेडकर चौक में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। संघ ने जानकारी दी है कि यह आयोजन बीते वर्ष की तरह इस बार भी पूरे सम्मान और गरिमा के साथ किया जाएगा। भूतपूर्व सैनिक संघ की ओर से सभी पूर्व सैनिकों, उनके परिजनों और आम नागरिकों से कार्यक्रम में सहभागिता करने का आग्रह किया गया है। कार्यक्रम के अनुसार सुबह 8:30 बजे सभी को अंबेडकर चौक में एकत्र होना है, जिसके पश्चात सुबह 9:00 बजे ध्वजारोहण किया जायेगा । इस संबंध में भूतपूर्व सैनिक संघ के जिला अध्यक्ष संजू धुवारे ने बताया कि गणतंत्र दिवस देश के संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक है। ऐसे में पूर्व सैनिकों की उपस्थिति इस कार्यक्रम को विशेष महत्व प्रदान करेगी। उन्होंने सभी भूतपूर्व सैनिक भाइयों से आग्रह किया है कि वे समय पर पहुंचकर राष्ट्रध्वज को सलामी दें और कार्यक्रम को सफल बनाएं। संघ का कहना है कि यह आयोजन न केवल देशभक्ति की भावना को मजबूत करेगा, बल्कि समाज में पूर्व सैनिकों के योगदान को सम्मान देने का भी एक सशक्त माध्यम बनेगा।

# 26 जनवरी को उत्कृष्ट विद्यालय में भारत पर्व का आयोजन

## बुंदेली लोकगीत, बधाई व राई नृत्य की प्रस्तुति देंगे कलाकार

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर लोकतंत्र का लोकउत्सव भारत पर्व 2026 का आयोजन 26 जनवरी को सायं 07 बजे से शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सभागृह बालाघाट में किया जाएगा। कलेक्ट्र मृणाल मीना के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में नरसिंहपुर एवं जबलपुर के कलाकारों द्वारा बुंदेली पारंपरिक लोकगीत, बुंदेली लोक शैली में देशभक्ति गीत, बधाई नृत्यम एवं राई नृत्यर प्रस्तुत किया जाएगा। भारत पर्व में नरसिंहपुर के राजेश दुबे एवं उनके साथियों द्वारा पारंपरिक बुंदेली लोकगीत तथा बुंदेली लोक शैली में देशभक्ति गीत गाए जाएंगे। इसके पश्चांत संस्कानर कला संघ जबलपुर के श्री कमलेश यादव एवं उनके दल द्वारा बधाई नृत्यग, देशभक्ति नृत्यभ नाटिका, राई नृत्यृ प्रस्तुंत किया जाएगा। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर सांय 07 बजे से शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट के सभागृह में आयोजित इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्यन में उपस्थित होकर देशभक्ति पर आधारित लोकगीत, नाटक एवं नृत्यों  का आनंद उठाए।

# पांढरवानी पंचायत में सरपंच अनीस खान करेंगे ध्वजारोहण

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय की ग्राम पंचायत पांढरवानी-लालबर्रा में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस पर्व 26 जनवरी को हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। चर्चा में सहायक सचिव



कृष्णा पंचेश्वर ने बताया कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर पंचायत भवन में प्रात: 7.30 बजे सरपंच अनीस खान एवं चांदनी चौक में प्रात: 7.45 बजे उपसरपंच राकेश अग्रवाल के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज का पूजन अर्चन कर ध्वजारोहण किया जायेगा। जिसके पश्चात ध्वज को सलामी देकर उपस्थितजनों के द्वारा राष्ट्रगान का गायन किया जायेगा। इस अवसर पर पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणजन व गणमान्य नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील ग्राम पंचायत पांढरवानी सरपंच अनीस खान, उपसरपंच राकेश अग्रवाल, सचिव रणविजय सिंह, सहायक सचिव कृष्णा पंचेश्वर एवं समस्त पंचों ने की है।

# बकोड़ा में दिन-रात का मेला आज

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय से लगभग 4 किमी. दूर ग्राम पंचायत बकोड़ा में 26 जनवरी को दिन-रात के मेले का आयोजन किया गया है। चर्चा में आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को दिन-रात के मेले का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर ग्रामीणजनों के रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए रात 9 बजे से मोर गांव के माटी छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें गायक-गायिकाओं के द्वारा साथी कलाकारों के साथ मिलकर छत्तीसगढ़ी गीतों की प्रस्तुती दी जायेगी। इस अवसर पर क्षेत्रीयजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील मेला समिति अध्यक्ष मुकुंद कावरे, सचिव मल्लू बालेश्वर, सदस्य गौरीशंकर, सुनील, दीपक, भुवन, मनीष, सुरेन्द्र, संतलाल, स्वास्तिक, अनिमेय, अमर, अजय, योगेश, प्रथम, धर्मेन्द्र, रितु, बब्लू, शिवा, दुर्योधन, मुनेश, यवराज, राधेश्याम, अनंतलाल, आशाराम, अक्षय, महेन्द्र, अर्पित, प्रभु, गुलाब, डोम, जितेन्द्र, गुड्डू, शंकर, मिनेश, टेकचंद, सुभाष, शुभम, आशीष, संतोष सहित ग्रामीणजनों ने की है।

## मूल रजिस्ट्री गुम हो जाने की सूचना

निवेदन है कि समलाबाई बोम्प्रे उम्र 74 वर्ष पति कपूरचंद बोम्प्रे निवासी वार्ड नं. 11 उकवा तहसील परसवाडा जिला बालाघाट की मूल निवासी है। आवेदिका के हक मालिकी कब्जे की भूमि मौजा उकवा प.ह.नं. 25 रा.नि.मं. उकवा तहसील परसवाडा जिला बालाघाट में खसरा नम्बर 306/2क, 307/1क, 308, 309/3, रकबा 4.91, खसरा नम्बर 306/2,307/1क, 308, 309/3 रकबा 0.38 कुल रकबा 2.29हे. भूमि स्थित है।

3-यह कि आवेदिका की उक्त भूमि क्रय शुदा भूमि है आवेदिका ने उक्त भूमि को प्रभाकर वल्द रतनलाल चौकसे जाति कलार साकिन उकवा तहसील बैहर जिला बालाघाट से दिनांक 18/04/1981 क्रय कर चुकी है।

4- आवेदिका की मूल रजिस्ट्री रख रखाव के कारण कही गुम हो चुकी है जिसे मेरे द्वारा उक्त मूल रजिस्ट्री को किसी भी वित्तीय संस्था या किसी अधिकारी के द्वारा जप्त नही किया गया है और ना ही बंधक दर्ज कर ऋण प्राप्त की है । जिसकी सूचना दर्ज किया जाना आवश्यक होगा।

अत: महोदय जी से निवेदन है कि आवेदिका की उक्त भूमि की मूल रजिस्ट्री गुम हो जाने की सूचना दर्ज किये जाने की कृपा की जावे।

**आवेदिका**
**समलाबाई बोम्प्रे**


श्री ललित कबीरे
26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरपंच - श्री ललित कबीरे, उप सरपंच - श्री प्रमोद बापूरे
सचिव - श्री अनिल कामड़े, सहा. सचिव - श्री नरेन्द्र गजभिये
एवं समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत आवा

राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
-विनीत-
एस.आर. पांचे
प्राचार्य
एवं समस्त स्टॉफ डॉ. एस. राधाकृष्णन हायर सेकेण्डरी स्कूल सरस्वति नगर बालाघाट
एस.आर. पांचे प्राचार्य

साकेत पब्लिक स्कूल लांजी, मोस्ट मध्यप्रदेश संस्था लांजी की ओर से
26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संतोष मोरघड़े - संचालक | महेन्द्र कुमार दुरूगकर - प्राचार्य | श्रीमती एन. सोनवाने - प्रधानपाठिका
टीटीओ- संदीप रामटेक्कर
6- एमपी कॉय एनसीसी ग्रुप लांजी एवं
समस्त शाला परिवार साकेत पब्लिक स्कूल लांजी

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीचंद कामड़े-सरपंच, राजेश्वर दांदरे-उपसरपंच,
चुनेन्द्र मरठे-सचिव, श्रीमती ललीता बाघ-सहायक सचिव
समस्त पंचगण ग्राम पंचायत घोटी (नंदोरा)

गणतंत्र दिवस की समस्त विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
आओ ज्ञान का दीपक जलाये, सब बच्चों को शिक्षित बनाये।
श्री मुकेश कारे
प्रभारी प्राचार्य
एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकायें व कर्मचारीगण
शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय टेंगनीकला (लालबर्रा)
श्री मुकेश कारे प्रभारी प्राचार्य

पाली एकेडेमिक इंस्टीट्यूशन बिसोनी की ओर से
26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती वंदना वैद्य
संचालक
एवं समस्त महाविद्यालय परिवार
पाली एकेडिमक इंस्टीट्यूशन बिसोनी, लांजी
तह. लांजी. जिला. बालाघाट मप्र.
श्रीमती वंदना वैद्य

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती वर्षा विजय वारे-सरपंच, पवन सीतमलाल कश्यप-उपसरपंच,
निलेश्वर मोरघड़े-सचिव, मिथलेश यादव-रोजगार सहायक
एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत बिसोनी तहसील लांजी जिला बालाघाट

गणतंत्र दिवस की समस्त विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सबको शिक्षित बनाये, देश को विकसित बनाये
श्री संजय कुमार मेश्राम
प्राचार्य
एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकायें व कर्मचारीगण
शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटंगझरी (लालबर्रा)
श्री संजय कुमार मेश्राम प्राचार्य

एडवेंचर इंग्लिश पब्लिक स्कूल भानेगांव की ओर से
26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संचालक- आशाराम कुशले , प्रधानपाठका- श्रीमती ममता कुशले
समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं, स्व.श्री महेश कुशले शिक्षा एवं जनकल्याण समिति भानेगांव

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शिवराज लानगे प्राचार्य
शुभेच्छु शिवराज लानगे
प्राचार्य
एवं समस्त शिक्षक स्टॉफ, अरूणोदय उ.मा.वि., कनकी (लालबर्रा)

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बी.आर. चौधरी प्राचार्य
शुभेच्छु बी.आर. चौधरी
प्राचार्य
एवं समस्त शिक्षक स्टॉफ, शास.उ.मा.विद्यालय, कनकी (लालबर्रा)

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की समस्त ग्रामवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
-विनीत-
सुनील उइके
सरपंच
मनोज चौधरी - उपसरपंच | सूखचंद खंडाते - सचिव
सतीश उमरे, रोजगार सहायक
एवं समस्त वार्डपंच तथा ग्रामवासी
ग्राम पंचायत सोनपुरी, विकासखण्ड बैहर

मनोज चौहान, सचिव | सरीता लोकेश बारेकर उपसरपंच | दिलीप टेम्भरे पूर्व सरपंच
समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अनिल कोसरे सहायक सचिव
पंचगण- भागवंता ठाकरे, नंदकिशोर पटले, तीजन ठाकरे, गीता वरकड़े,सपना कटरे, यशोदा बघेले,अल्का चित्रीव,तेजेश्वरी पारधी, सुरमन टेकाम, वसंलप्रभा भौतेकर,सुनीता मदनकर,सरस्वती पटले,तीजन भगत, राधेश्याम पटले, सुलोचना भगत, विनोद टेम्भरे, वंदना काटेकर एवं समस्त ग्रामवासीगण
ग्राम पंचायत बेहरई ज.पंचा. लालबर्रा
श्रीमती शारदा दिलीप टेम्भरे सरपंच, बेहरई

गणतंत्र दिवस की समस्त ग्रामवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती रूपेश्वरी (खुशबु) पटले
सरपंच
ठानेन्द्र पटले भूतपूर्व जनपद सदस्य, कृष्ण कुमार रनगिरे सचिव,
एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत भमोड़ी, जनपद पंचायत बालाघाट

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की समस्त ग्रामवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
-विनीत-
रामेश्वरी पंद्रे
सरपंच
दिलराज कटरे - उपसरपंच | रवि मरकाम - सचिव
भूमेश्वरी जी, रोजगार सहायक
एवं समस्त वार्डपंच तथा ग्रामवासी
ग्राम पंचायत उमरीया, विकासखण्ड परसवाड़ा

श्रीमती रूखमणी मर्सकोले सरपंच | श्री घनश्याम चौधरी उपसरपंच | रंजना तिवारी सचिव | श्री नितिन मेहरबान रोजगार सहायक | श्री डुलीचंद मुंजारे भृत्य
26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु
श्रीमती रूखमणी महेश सिंह मर्सकोले
सरपंच
उपसरपंच, सचिव, रोजगार सहायक एवं समस्त पंचगण, ग्राम पंचायत मांझापुर

जमीन बेचनी है
बालाघाट-कोसमी में स्थित बालाघाट - गोंदिया रोड से लगी हुई चौड़ाई 75 फ़ीट, लम्बाई 250 फ़ीट पूर्वमुखी ज़मीन बेचनी है जिसके उत्तर में 15 फ़ीट की रोड है। इच्छुक खरीददार मोबाइल नंबर 9425138988 पर संपर्क करें

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की समस्त ग्रामवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती रामवती उइके सरपंच | श्री शिवशंकर तिवारी उपसरपंच | श्री भजन वल्के सचिव | प्रिती सहारे रोजगार सहायक
शुभेच्छु
श्रीमती रामवती उइके - सरपंच | श्री शिवशंकर तिवारी - उपसरपंच | श्री भजन वल्के - सचिव | प्रिती सहारे - रोजगार सहायक
एवं समस्त वार्डपंच ग्राम पंचायत उकवा, विकासखण्ड परसवाड़ा

शिवाय बिसेन
आपको जन्मदिवस की ढेर सारी शुभकामनाएं
विनीत::
श्रीमती कृष्णा एस.आर. बिसेन
श्रीमती नेहा मोहित बिसेन
श्रीमती सरिता रोहित बिसेन
एवं समस्त परिवार, बालाघाट

बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

बालाघाट
सोमवार 26 जनवरी 2026

# बालाघाट सिटी न्यूज़

पद्मेश न्यूज
बालाघाट एक्सप्रेस

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com



## न्यूज गैलरी

### गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर रोशनी से जगमगाया शहर

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर शहर का नज़ारा पूरी तरह बदल गया। राष्ट्रीय पर्व के स्वागत में शहर की सभी प्रमुख शासकीय और अशासकीय संस्थाओं के साथ-साथ मुख्य चौक-चौराहों को विशेष रूप से सजाया गया। जैसे ही शाम ढली, तिरंगे और



देशभक्ति की थीम पर की गई आकर्षक लाइटिंग ने पूरे शहर को रोशनी से जगमगा दिया, जिससे उत्सव का माहौल साफ तौर पर दिखाई देने लगा। हर वर्ष की परंपरा के अनुसार इस बार भी गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर शासकीय और अशासकीय कार्यालयों, स्कूलों, कॉलेजों और अन्य संस्थानों पर विशेष सजावट की गई। भवनों के बाहरी हिस्सों को रंगीन लाइटों से सजाया गया, कई स्थानों पर तिरंगे के रंगों में रोशनी की व्यवस्था की गई, जो देर रात तक लोगों का ध्यान आकर्षित करती रही। कलेक्टर कार्यालय, एसडीएम कार्यालय सहित जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के कार्यालयों में भी विशेष और सुसज्जित लाइटिंग की गई। इन कार्यालयों की रोशनी न केवल प्रशासनिक भवनों की भव्यता को दर्शा रही थी । शहर के प्रमुख चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर की गई सजावट ने लोगों को रुककर तस्वीरें लेने और इस दृश्य को निहारने के लिए भी प्रेरित किया। आमजन का कहना था कि इस प्रकार की सजावट से गणतंत्र दिवस का महत्व और अधिक बढ़ जाता है तथा लोगों में देशभक्ति की भावना मजबूत होती है। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर शहर में उत्साह, उल्लास और देशप्रेम का वातावरण बना रहा।

**कोतवाली पुलिस की सख्ती**

## शराब के नशे में हुड़दंग मचाते दो युवकों का जुलुस निकालकर माफी मगवाई

सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

**बीती रात शहर के वार्ड क्रमांक 24 में शराब के नशे में उत्पात मचाना दो युवकों को भारी पड़ गया। एक स्थानीय नागरिक द्वारा पूरी घटना का वीडियों बना कर वायरल कर दिया गया जिस के आधार पर कोतवाली पुलिस ने त्वरित संज्ञान लेते हुए दोनों युवकों के खिलाफ शांति भंग और क्षेत्र में अशांति फैलाने का प्रकरण दर्ज किया। घटना 24 जनवरी की रात की है, जब दोनों युवक नशे की हालत में सार्वजनिक स्थान पर गाली-गलौज करते हुए हुड़दंग मचा रहे थे। वीडियो सामने आने के बाद कोतवाली पुलिस ने अगले ही दिन 25 जनवरी को दोनों युवकों के विरुद्ध कार्रवाई की। पुलिस ने उन्हें संबंधित क्षेत्र में ले जाकर जुलूस के रूप में घुमाया और क्षेत्रवासियों से सार्वजनिक रूप से माफी मंगवाई।**

शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने और असामाजिक तत्वों पर लगाम कसने के लिए कोतवाली पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। चोरी, बदमाशी और सार्वजनिक स्थानों पर शांति भंग करने वालों के खिलाफ पुलिस न कानूनी कार्रवाई कर रही है, बल्कि ऐसे आरोपितों को उनके कृत्य वाले स्थान पर ले जाकर सार्वजनिक रूप से माफी मंगवाने की कार्रवाई भी कर रही है, ताकि समाज में स्पष्ट संदेश जा सके। शहर के वार्ड क्रमांक 24, इंदिरा नगर से जुड़ा एक मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार 24 जनवरी को कुछ युवकों ने शराब के नशे में एक दुकानदार से आपसी लेनदेन को लेकर विवाद किया। आरोप है कि युवकों ने न केवल दुकानदार के साथ गाली-गलौच की, बल्कि अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए क्षेत्र में अशांति का माहौल भी बना दिया। घटना के दौरान किसी स्थानीय वार्डवासी ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया, जिसे बाद में सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया । वीडियो सामने आते ही कोतवाली पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपितों को हिरासत में लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपितों की पहचान रोशन उर्फ बब्बू चौधरी उम्र 36 वर्ष और प्रवीण उर्फ मोनू वासनिक उम्र 30 वर्ष के रूप में हुई है। दोनों आरोपी इंदिरा नगर क्षेत्र के ही निवासी हैं। पुलिस दोनों को उसी स्थान पर लेकर पहुंची, जहां उन्होंने शराब के नशे में दुकानदार से विवाद किया था। मौके पर पुलिस ने दोनों आरोपितों से सार्वजनिक रूप से माफी मंगवाई और दुकानदार से दुर्व्यवहार को लेकर उन्हें सख्त चेतावनी दी। आरोपितों ने भी अपने किए पर पश्चाताप जताते हुए पुलिस और आमजन से माफी मांगी तथा भविष्य में इस तरह की हरकत दोबारा न करने का भरोसा दिलाया। कोतवाली पुलिस ने बताया कि मामले में बीएनएसएस की धारा 170 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिसम्मत कार्रवाई की गई है।





### शांति भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई होंगी - कामेश

कोतवाली थाना प्रभारी कामेश धूमकेती ने बताया कि यह घटना बीती रात की है। दो युवक शराब के नशे की हालत में एक किराना दुकान पर पहुंचे थे, जहां पूर्व में हुए पैसों के लेनदेन को लेकर दुकानदार से उनका विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों युवक सार्वजनिक रूप से गाली-गलौज करने लगे, जिससे क्षेत्र का माहौल बिगड़ गया। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि शहर में शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ पुलिस सख्ती से पेश आएगी और कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**सतपुड़ा एजुकेशन ग्रुप की पहल**

## 3000 से अधिक युवाओं के रोजगार की राह हुई आसान जॉब-सही से मिली सही दिशा

### जॉब सही सतपुड़ा ग्रुप के माध्यम से भारत के सबसे बड़े मेगा ओपन कैंपस का सफल आयोजन

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** 25 जनवरी 2026 को मेगा इवेंट शुरू हुआ जिसमें 100 प्लस कंपनियों ने भाग लिया जिसमें 3000 हजार से अधिक रजिस्ट्रेशन हुए जिसमें अन्य राज्यों छत्तीसगढ़ , महाराष्ट्र, उड़ीसा, बिहार, झारखण्ड, उत्तरप्रदेश से अभ्यर्थी उपस्थित हुए जिसमें दसवीं, बारहवीं, ग्रेजुएशन से 700 आईटीआई से 1500, पॉलिटेक्निक और बी.टेक से 800 आवेदकों का चयन न्यूनतम वेतन 15000 हजार और अधिकतम वेतन 34000 हजार तक के लिए हुआ भर्ती पूर्णत: नि:शुल्क रही।

सतपुड़ा ग्रुप के शानदार 25 वर्ष पूर्ण होने की खुशी में यह मेगा कैंपस कराया गया जिससे समाज के हर वर्ग को सही मार्ग दर्शन, सही कौशल तथा योग्यता के अनुसार वेतन कंपनियों द्वारा ऑफर लेटर के साथ प्रदान किया गया हर कंपनियों के एचआर टीम ने सबसे पहले प्रतिभागियों को उनकी कंपनी, जॉब के बारे में वेतन और सुविधा के बारे में जानकारी चयन



प्रक्रिया से अवगत कराया जिससे प्रतिभागी स्वेक्षा अनुसार चयन के लिए अपनी उपस्थिति दर्ज किये। जॉब-सही वेब पोर्टल के माध्यम से पुरे भारत वर्ष में इस हेतु जागरूकता अभियान सोशल मीडिया तथा अन्य माध्यमों से चलाया गया जिससे लगभग 1.5 करोड़ लोगो ने देखा और सराहा। जॉब-सही पोर्टल पर लगभग 11 हजार लोगो ने पंजीयन कराया तथा इसमें से 5 हजार लोग इस मेगा जॉब कैंपस अभियान में सम्मिलित हुए गौरतलब है की सतपुड़ा ग्रुप ने जॉब-सही पोर्टल का विकास अपने स्वयं के स्थानीय एक्सपर्ट की मदद से किया है।

कार्यक्रम में बालाघाट जिले के कलेक्टर महोदय श्रीमान मृणाल मीणा द्वारा कंपनी में चयनित आवेदकों को ऑफर लेटर प्रदान किया गया। कलेक्टर महोदय के साथ सीईओ जिला पंचायत बालाघाट एवं आशीष मिश्रा, डायरेक्टर साई कंप्यूटर, तपेश असाटी जिलाध्यक्ष योग आयोग बालाघाट भी उपस्थित रहे। सभी गणमान्य अतिथियों द्वारा आवेदकों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए हार्दिक सुभकामनाये प्रदान की गई।

सतपुड़ा ग्रुप के सरंक्षक एवं डायरेक्टर द्वारा सभी चयनित आवेदकों एवं मेगा कैंपस में भाग लेने वाले समस्त आवेदकों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई एवं इस भव्य कैंपस के सफल आयोजन के लिए सतपुड़ा ग्रुप के समस्त संस्था प्रमुखों, समस्त स्टाफ, जॉब सही टीम एवं वॉलेंटर्स को उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए आभार व्यक्त किया गया।

## गायखुरी घाट में नहाने गए युवक की डूबने से मौत, समूचे गांव में शोक की लहर

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** नगर के समीप स्थित बैनगंगा नदी के गायखुरी घाट पर मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। नदी में नहाने गए एक युवक की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। मृतक सुनील पिता गन्नू बिजेवार 28 वर्ष गायखुरी टोली निवासी है। एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यु ऑपरेशन चलाकर इस युवक की लाश बाहर निकाली। कोतवाली पुलिस ने इस युवक की लाश पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुनील बिजेवारअपने परिवार के साथ मजदूरी करता था जिसके परिवार में माता-पिता के अलावा एक बड़ा भाई और तीन बहने हैं तीनों बहनों की शादी हो चुकी है। हाल ही में सुनील का जीजा गोविंद धुर्वे भिलाई से पत्नी के साथ अपने ससुराल गायखुरी आया हुआ था। और 25 जनवरी को ही भिलाई जाने वाला था।10.30 बजे सुनील अपने जीजा गोविंद धुर्वे और एक अन्य युवक के साथ बैनगंगा नदी के गायखुरी गए और चट्टान में बैठकर खाना खा रहे थे तभी सुनील कपड़े और जूते उतार कर और नहाने चला गया ।जबकि गोविंद धुर्वे ने उसे मना किया था और गोविंद धुर्वे के देखते ही देखते सुनील नहाने गया और नहा रहा था इसके बाद गोविंद धुर्वे ने सुनील को बाहर निकालने के लिए बोला किंतु सुनील बाहर नहीं निकला। नहाने के दौरान वह अचानक गहरे पानी की ओर चला गया, जहां संतुलन बिगड़ने से वह डूबने लगा। सुनील को नदी में डूबते देख उसके जीजा ने गांव वालों को बताया गांव वालों ने सुनील को बचाने का प्रयास किया, लेकिन पानी अधिक गहरा होने के कारण वे सफल नहीं हो सके ।घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस एवं एसडीआरएफ की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। एसडीआरएफ की टीम



ने नदी में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और काफी मशक्कत के बाद युवक का शव बाहर निकाला गया ।कोतवाली पुलिस ने मौके पर आवश्यक पंचनामा कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिये। घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। कोतवाली पुलिस ने मृतक युवक सुनील की लाश पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिए और धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

## गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर एबीवीपी ने नगर में निकली विशाल तिरंगा रैली

### देश भक्ति तरानो पर जमकर थिरके युवा, देश की शान में लगाए नारे

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बालाघाट द्वारा गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की पूर्व संध्या पर नगर में एक विशाल तिरंगा रैली का आयोजन किया गया ।लोगो मे राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने, युवा शक्ति को एकत्रित कर देशभक्ति संदेश का प्रसार



करने और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने के प्रमुख उद्देश्य को लेकर नगर के उत्कृष्ट विद्यालय से निकाली गई यह भव्य तिरंगा यात्रा, नगर के उत्कृष्ट विद्यालय मैदान से होकर गोंदिया रोड स्थित हनुमान चौक वहां से वापस इतवारी गंज से सर्राफा मार्केट वहां से मेन रोड होते हुए विभिन्न मार्गों और चौक चौराहों का भ्रमण करते हुए काली पुतली चौक पहुंची, जहां से पीजी कॉलेज पहुँचकर इस तिरंगा पदयात्रा का समापन किया गया ।पदयात्रा में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, युवा तथा शहरवासी उपस्थित रहे।

### डिजे पर बज रहे भक्ति गीतों से बांधा शमा

कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ-साथ शहर के गणमान्यजन तथा स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने आयोजन का समर्थन किया और युवाओं को शुभकामनाएँ दीं। पदयात्रा के मार्ग में विभिन्न स्थानों पर सम्मानपूर्वक अतिथियों एवं प्रतिभागियों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया, जिससे कार्यक्रम में औपचारिकता एवं उत्साह का सुंदर समन्वय देखने को मिला ।पदयात्रा के दौरान निर्धारित मार्ग पर डीजे के माध्यम से देशभक्ति गीतों का प्रसारण किया गया, जिसमें विद्यार्थी, युवा एवं जिले के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए वंदे मातरम् एवं भारत माता की जय के उद्घोष लगाए तथा कार्यक्रम को राष्ट्रभक्ति के वातावरण से ओत-प्रोत कर दिया। प्रतिभागियों ने तिरंगे को गर्व से लहराया और राष्ट्रीय एकता, अनुशासन एवं समरसता का संदेश दिया।

### वंदे मातरम् के सामूहिक गायन के साथ हुआ समापन

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, बालाघाट के जिला संयोजक आदित्य अग्रवाल ने बताया कि ,यह आयोजन हमारी सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय पहचान को सुदृढ़ करने का प्रयास है। युवा शक्ति यदि इसी उत्साह एवं अनुशासन के साथ आगे बढ़ेगी, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन निश्चित रूप से संभव होगा। कार्यक्रम का समापन जटा शंकर त्रिवेदी महाविद्यालय में वंदे मातरम् के सामूहिक गायन के साथ किया गया।

## विद्युत ट्रांसफार्मर में आगजनी का प्रयास

### शासकीय संपत्ति को नुकसान, आरोपी फरार

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। हट्टा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पाथरी में नहर के पास स्थापित विद्युत ट्रांसफार्मर को क्षति पहुंचाने के उद्देश्य से एक उपभोक्ता द्वारा आग लगाने का गंभीर मामला सामने आया है। इस घटना में ट्रांसफार्मर का डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया, जिससे विद्युत विभाग को लगभग 25 हजार रुपये की क्षति हुई है। पुलिस ने आरोपी मीताराम पिता उदेलाल गहगहे 40 वर्ष ग्राम पाथरी निवासी के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी, पूर्वी क्षेत्र हट्टा द्वारा ग्राम पाथरी में नहर किनारे 63 केवीए क्षमता का विद्युत ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है, जो 11 केवी पाथरी कृषि फीडर से जुड़ा हुआ है। 22 जनवरी को दोपहर करीब 4 बजे ग्राम पाथरी निवासी मीताराम गहगहे ने ट्रांसफार्मर को नुकसान पहुंचाने की नीयत से उसके नीचे पैरा रखकर आग लगा दी ।घटना की जानकारी मिलते ही विद्युत विभाग के लाइनमैन कर्मचारियों एवं ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर समय रहते आग पर काबू पा लिया। हालांकि आग से ट्रांसफार्मर का डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स पूरी तरह जल गया। यदि समय पर आग नहीं बुझाई जाती, तो पूरा ट्रांसफार्मर जल सकता था और भारी नुकसान के साथ किसी बड़ी अप्रिय घटना से भी इनकार नहीं किया जा सकता था ।ज्ञात हो कि उक्त 11 केवी पाथरी कृषि फीडर में सामान्यत: दोपहर 3:30 बजे विद्युत आपूर्ति बंद कर दी जाती है। यदि आरोपी द्वारा यह कृत्य विद्युत लाइन चालू अवस्था में किया जाता, तो जान-माल की भारी क्षति हो सकती थी ।आरोपी के इस कृत्य से शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचा है तथा शासकीय कार्य में भी बाधा उत्पन्न हुई है। विद्युत विभाग को लगभग 25 हजार रुपये की आर्थिक क्षति का आकलन किया गया है ।हट्टा पुलिस ने लाइनमैन राजेश मिसारे ग्राम सेवती एवं विशाल मारवाड़ी ग्राम मौदा निवासी की रिपोर्ट पर आरोपी मीताराम गहगहे के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 287, 326, 324(4), मध्य प्रदेश विद्युत अधिनियम की धारा 139, 140 तथा मध्य प्रदेश लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम की धारा 3 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है ।अपराध दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार है, जिसकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है। इस मामले की जांच निरीक्षक सुखदेव सिंह धुर्वे द्वारा की जा रही है।

## गजपुर में महिला को उसके रिश्ते के देवर ने लाठी से मारपीट कर किया घायल



**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** कटंगी थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम गजपुर में एक महिला को उसके रिश्ते के देवर ने लकड़ी और हाथभुसो से मारपीट कर घायल कर दिया। 24 जनवरी की शाम 7:00 बजे करीब यह घटना किसी आपसी पारिवारिक विवाद के चलते हुई ।घायल महिला निशा पति हीरेंद्र सोनवाने 35 वर्ष को कटंगी के सिविल अस्पताल से जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया है। इस मामले में आरोपी लकेश सोनवाने के विरुद्ध मामला कायम कर जांच शुरू कर दी गई है प्राप्त जानकारी के अनुसार निशा सोनवाने मजदूरी करती है ।जिसकी मौसी बहन कुंती सोनवाने की शादी ग्राम गजपुर के ही निशा सोनवाने के रिश्ते के देवर लकेश सोनवाने के साथ हुई है। जिसका कुछ दिन पहले ही प्रसव हुआ है। कुंती सोनवाने का ठीक से इलाज करवाने के लिए एक दिन, निशा सोनवाने के पति हीरेंद्र सोनवाने ने लकेश सोनवाने की मां नामा बाई को बोले थे। यह बात लकेश सोनवाने को नागवार लगी। 24 जनवरी की शाम 7:00 बजे लकेश सोनवाने, निशा सोनवाने के घर के सामने आकर वह चिल्लाने लगा और निशा सोनवाने के पति हीरेन्द्र सोनवाने को अश्लील गालियां देते हुए उसे घर के बाहर निकालने के लिए बोलने लगा । तभी निशा सोनवाने घर के बाहर आई और बोलने लगी की मेरे पति को गालियां क्यों दे रहा है और निशा सोनवाने ने लकेश सोनवाने को समझाते हुए गालियां देने से मना की। तभी लकेश सोनवाने ने आवेश में आकर निशा सोनवाने को बीच में क्यों बोलती है कहकर उसे अश्लील गालियां देते हुए उसे हाथ भूसे और लकड़ी से मारपीट करने लगा। बीच बचाव करने के लिए निशा सोनवाने की ननंद गायत्री कटंगे आई, तो उसे भी लकेश सोनवाने ने हाथ भूसे से मारपीट कर दिया। हल्ला सुनकर परिवार और मोहल्ले के लोग दौड़े और बीच बचाव किये। जिसके बाद लकेश सोनवाने ने निशा सोनवाने और उसके परिवार वालों को जान से मार डालने की धमकी दे दी । मारपीट में घायल निशा सोनवाने और उसकी ननंद गायत्री कटंगे रिपोर्ट करने के लिए कटंगी थाना पहुंचे ।दोनों घायल महिला को इलाज के लिए कटंगी के सिविल अस्पताल में भर्ती किया गया था ।जहां से अधिक चोट लगने से घायल निशा सोनवाने को बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया है। कटंगी पुलिस में इस मामले में लकेश सोनवाने के विरुद्ध अश्लील गालियां देकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है।

# थोक बाजार में चावल और दालों में तेजी, गेहूं और आटे में नरमी

**चना, उड़द, तुअर और मसूर दालों के थोक भाव में सप्ताह के दौरान बढ़त रही**

**नई दिल्ली। एजेंसी।** घरेलू थोक अनाज और खाद्य पदार्थ बाजारों में इस सप्ताह मिली-जुली टिप्पणियां रही, जिसमें कुछ वस्तुओं के भाव बढ़े तो कुछ में नरमी और उतार-चढ़ाव देखने को मिला। चावल की औसत थोक कीमत में साप्ताहिक तेजी रही और यह वृद्धि के साथ लगभग 3,818 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई है, जो पिछले सप्ताह के मुकाबले करीब 23 रुपए की बढ़ोतरी दर्शाता है। वहीं गेहूं में नरमी बनी रही और इसका औसत भाव घटकर 2,839 रुपए प्रति क्विंटल पर आ गया, जबकि आटे के भाव में भी लगभग 12 रुपए की गिरावट दर्ज की गई है। दालों के बाजार में भी मिश्रित रुझान देखने को मिला है। कुछ प्रमुख दालों जैसे चना, उड़द, तुअर और मसूर दालों के थोक भाव में सप्ताह के दौरान बढ़त रही, जो घरेलू मांग एवं आपूर्ति की स्थितियों का संकेत है। वहीं, कुछ मंडियों से दालों के भाव अस्थिर रहने की रिपोर्ट भी सामने आई है, जिससे कुल मिलाकर दालों के औसत थोक भाव में हल्की बढ़ोतरी का रुख देखा गया। चीनी के बाजार में भी नरमी बनी रही, कुछ हद तक पिछले सप्ताह की तुलना में कीमतें सॉफ्ट रुख पर रही। खाद्य तेलों में विशेष रूप से सरसों, पाम और सूरजमुखी तेल जैसे इनपुट वस्तुओं के भाव में सप्ताह के दौरान उतार-चढ़ाव देखने को मिला, जिससे बाजार में अस्थिरता का संकेत मिल रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार इन रुझानों के पीछे वैश्विक वस्तु बाजारों की कीमतों के दबाव, मौसमी मांग-आपूर्ति में बदलाव और सरकार की भंडार, नियमन नीतियां प्रमुख कारण हैं। सरकार के पास चावल और गेहूं का भंडार स्थिर रूप से पर्याप्त बताया जा रहा है, जिससे किसी भी बड़े आपूर्ति संकट की संभावना न्यून बनी हुई है।

# एमएमटीसी-पीएएमपी चांदी पुनर्चक्रण करेगी, दिल्ली में शुरू होगा पायलट प्रोजेक्ट

**नई दिल्ली। एजेंसी।** कीमती धातुओं के शोधन में अग्रणी कंपनी एमएमटीसी-पीएएमपी अगले तीन से चार महीनों में पायलट आधार पर चांदी पुनर्चक्रण शुरू करेगी। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि चांदी की बढ़ती वैश्विक मांग के कारण आपूर्ति पक्ष में गंभीर बाधाओं का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने यह भी बताया कि जबकि मांग लगातार बढ़ रही है, वैश्विक खान उत्पादन क्षमता में कोई महत्वपूर्ण वृद्धि दिखाई नहीं दे रही है। अधिकारी के अनुसार अब चांदी पुनर्चक्रण का अर्थशास्त्र अनुकूल है और यह कमी को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। एमएमटीसी-पीएएमपी पहले से ही सोना पुनर्चक्रण के लिए 20 स्टोर संचालित कर रही है, जिन्हें चांदी संभालने के लिए तैयार किया जा सकता है। कंपनी ने अगले पांच वर्षों में अपने स्टोरों की संख्या दोगुनी करने की योजना बनाई है। कंपनी अपने मौजूदा स्टोरों में कुछ उपकरणों को उन्नत करेगी और कर्मचारियों को चांदी पुनर्चक्रण के लिए प्रशिक्षित करेगी। गुहा ने बताया कि पहले यह प्रायोगिक परियोजना दिल्ली में शुरू होगी और सफलता मिलने पर इसे अन्य स्टोरों में भी लागू किया जाएगा। अधिकारी ने सरकार से चांदी पुनर्चक्रण को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारतीय परिवारों के पास अनुमानित 25,000 टन सोना और उससे दस गुना मात्रा में चांदी मौजूद है, जिसे पुनर्चक्रण के जरिए आपूर्ति की कमी को पूरा किया जा सकता है।

# साइबर संकट- 14.9 करोड़ यूजरनेम और पासवर्ड लीक

**जीमेल, याहू, फेसबुक, इंस्टाग्राम और नेटफ्लिक्स भी प्रभावित**

**नई दिल्ली। एजेंसी।** जीमेल, इंस्टाग्राम, फेसबुक और नेटफ्लिक्स जैसी दिग्गज इंटरनेट कंपनियों के 14.9 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ताओं के लॉगिन क्रेडेंशियल (यूजरनेम और पासवर्ड) कथित तौर पर लीक हो गए हैं। एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार सार्वजनिक रूप से उजागर हुए इस डेटा में जीमेल के 4.8 करोड़, याहू के 40 लाख, फेसबुक के 1.7 करोड़, इंस्टाग्राम के 65 लाख और नेटफ्लिक्स के 34 लाख खाते शामिल हैं। इसके अलावा आउटलुक के भी 15 लाख खातों की जानकारी लीक होने की बात कही गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सार्वजनिक रूप से उपलब्ध यह डेटाबेस पासवर्ड से सुरक्षित या एन्क्रिप्टेड नहीं था। इसमें कुल 14.94 करोड़ विशिष्ट लॉगिन और पासवर्ड मौजूद थे, जिनका कुल आकार 96 जीबी है। नमूनों की जांच में हजारों ऐसी फाइलें मिलीं जिनमें ईमेल, यूजरनेम, पासवर्ड और संबंधित अकाउंट्स के लॉगिन यूआरएल लिंक शामिल थे। इस रिपोर्ट में नामित प्रमुख कंपनियों को भेजे गए ईमेल का फिलहाल कोई जवाब नहीं मिला है। साइबर सुरक्षा शोधकर्ता के दावों के अनुसार, समीक्षा किए गए रिकॉर्ड्स के सीमित नमूनों में वित्तीय सेवा खातों, क्रिप्टो वॉलेट या ट्रेडिंग खातों के साथ-साथ बैंकिंग और क्रेडिट कार्ड लॉगिन की जानकारी भी पाई गई। साइबर शोधकर्ता ने एक गंभीर चिंता यह जताई कि लीक हुए डेटा में दुनिया के कई देशों के 'डॉट जीओवी' डोमेन (सरकारी ईमेल) से जुड़े क्रेडेंशियल भी शामिल हैं।

# अल्ट्राटेक सीमेंट का दिसंबर तिमाही में मुनाफा बढ़कर 1,729 करोड़ हुआ

**नई दिल्ली। एजेंसी।** देश की सबसे बड़ी सीमेंट निर्माता कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट ने दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही में शानदार वित्तीय नतीजे पेश किए हैं। आदित्य बिड़ला ग्रुप की इस प्रमुख कंपनी का कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट 1,729.44 करोड़ रहा, जो पिछले साल की समान तिमाही के 1,363.44 करोड़ की तुलना में करीब 27 प्रतिशत ज्यादा है। कंपनी ने यह जानकारी रेगुलेटरी फाइलिंग के जरिए दी। तिमाही के दौरान कंपनी की ऑपरेशंस से आय 21,829.68 करोड़ रुपए रही, जो एक साल पहले 17,778.83 करोड़ रुपए थी। अन्य आय को जोड़ने के बाद कुल आय 21,965.26 करोड़ रुपए तक पहुंच गई। हालांकि, कंपनी ने साफ किया कि इस तिमाही के नतीजों की सीधे तौर पर पिछली साल से तुलना करना सही नहीं होगा। कंपनी की संरचना में बड़े बदलाव हुए हैं। इस दौरान इंडिया सीमेंट्स लिमिटेड का अधिग्रहण, बिरला व्हाइट वॉलकेयर और यूएई की राकेट को शामिल किया गया। इसके अलावा केसोराम इंडस्ट्रीज के सीमेंट बिजनेस का मर्जर 1 मार्च 2025 से लागू हो चुका है, जिससे कंपनी का आकार और दायरा काफी बढ़ गया है।

# इस सप्ताह तिमाही नतीजे, फेड निर्णय और बजट से तय होगी बाजार की चाल

**नई दिल्ली। एजेंसी।** इस सप्ताह में कंपनियों के तीसरी तिमाही के नतीजे, अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर पर फैसले और आगामी आम बजट 2026-27 से शेयर बाजार का रुख तय होगा। गणतंत्र दिवस के कारण सोमवार को शेयर बाजार में कारोबार नहीं होगा। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि इसके अलावा विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधि, रुपया-डॉलर का रुख और वैश्विक व्यापार से संबंधित घटनाक्रम भी बाजार में कारोबार को प्रभावित करेंगे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को आम बजट पेश करेंगी। बजट पेश होने के दिन रविवार है, लेकिन इस दिन शेयर बाजार एनएसई और बीएसई खुले रहेंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा कि यह सप्ताह महत्वपूर्ण घरेलू और वैश्विक कारकों से भरा हुआ है। घरेलू मोर्चे पर बाजार औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों, आम बजट से जुड़े राजकोषीय संकेतकों और




साप्ताहिक विदेशी मुद्रा भंडार पर नजर रखेंगे। कंपनियों के तिमाही नतीजों पर भी नजर रहेगी, जिसमें एक्सिस बैंक, एलएंडटी, मारुति सुजुकी, आईटीसी, एनटीपीसी और बजाज ऑटो जैसी दिग्गज कंपनियों के नतीजे आएंगे। वैश्विक स्तर पर ध्यान अमेरिका के प्रमुख व्यापक आर्थिक आंकड़ों, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर निर्णय और वैश्विक व्यापार नीतियों में हो रहे घटनाक्रमों पर रहेगा। बाजार के जानकारों के मुताबिक एफपीआई ने 23 जनवरी को समाप्त सप्ताह में अपनी बिकवाली न केवल जारी रखी, बल्कि इसकी तीव्रता भी बढ़ा दी। रुपये के निरंतर अवमूल्यन, भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर अनिश्चितता और अब तक के सामान्य तिमाही नतीजों के कारण बाजार की धारणा बहुत कमजोर रही है। निवेशक वैश्विक शेयर बाजारों के रुझान और कच्चे तेल की चाल पर भी नजर रखेंगे। सोमवार की छुट्टी के बाद मंगलवार से कारोबार शुरू होगा, जिसे 27 जनवरी को होने वाले भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से सकारात्मक बढ़त मिल सकती है।

# भारत ऊर्जा सप्ताह 27 से, कई बड़े ऊर्जा समझौते होने की संभावना

**भारत के ऊर्जा क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग और आपूर्ति विविधीकरण होंगे मजबूत**

**नई दिल्ली। एजेंसी।** 27 जनवरी से शुरू हो रहे भारत ऊर्जा सप्ताह (आईईडब्ल्यू) 2026 में कई बड़े ऊर्जा समझौते होने की संभावना है, जो भारत के ऊर्जा क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग और आपूर्ति विविधीकरण को मजबूत करेंगे। बीपीसीएल और पेट्रोब्रास के बीच 78 करोड़ डॉलर के अनुबंध पर हस्ताक्षर होने की संभावना है। इसके तहत 1.2 करोड़ बैरल कच्चा तेल खरीदा जाएगा, जो पिछले वर्ष के अनुबंध की दोगुनी मात्रा है। यह कदम भारत के कच्चे तेल की खरीद में विविधता लाने और आपूर्ति पर निर्भरता को कम करने के उद्देश्य से उठाया गया है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक देश है और यह रणनीति उसे बाजार में स्थिरता सुनिश्चित करने में मदद करेगी। ओएनजीसी और जापानी साझेदार मित्सु ओएसके लाइंस दक्षिण कोरिया की सेमसंग हेवी इंडस्ट्रीज के साथ दो बड़े एथेन वाहक जहाजों के निर्माण पर समझौता करेंगे। ये जहाज गुजरात के दहेज में ओएनजीसी की पेट्रोकेमिकल यूनिट ओपीएएल के लिए अमेरिका से एथेन लाने में इस्तेमाल होंगे। इस साझेदारी के तहत जहाजों का संयुक्त निर्माण, स्वामित्व और संचालन किया जाएगा। आईईडब्ल्यू में हस्ताक्षरित होने वाले अन्य समझौतों में नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (एनआरएल) द्वारा फ्रांस की टोटलएनर्जीज के साथ एक प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर करना शामिल है। इसके तहत ओडिशा के पारादीप में सालाना दो लाख टन क्षमता वाली टिकाऊ विमानन ईंधन परियोजना का निर्माण किया जाएगा।

# रूसी तेल खरीद पर भारत को मिल सकती है राहत

**नई दिल्ली। एजेंसी।** अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने संकेत दिए हैं कि भारत पर रूसी तेल की खरीद को लेकर लगाया गया 25 फीसदी टैरिफ हटाने का रास्ता निकल सकता है। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि हाल के महीनों में भारतीय रिफाइनरियों ने रूसी क्रूड ऑयल की खरीद में उल्लेखनीय कमी की है, जिससे अब इन टैरिफ को हटाने पर विचार किया जा सकता है। बेसेंट ने इसे ट्रंप प्रशासन की टैरिफ नीति की सफलता बताया। उनके अनुसार कि हमने भारत पर रूसी तेल खरीदने के कारण 25 फीसदी टैरिफ लगाया था और अब भारतीय रिफाइनरियों की रूसी तेल की खरीद लगभग समाप्त हो गई है। यह एक बड़ी कामयाबी है। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि फिलहाल टैरिफ लागू हैं, लेकिन भविष्य में इन्हें हटाने पर विचार संभव है। यूक्रेन युद्ध से पहले भारत के कुल तेल आयात में रूसी क्रूड की हिस्सेदारी केवल 2 से 3 फीसदी थी। युद्ध के बाद पश्चिमी देशों द्वारा रूस पर लगाए गए प्रतिबंधों के चलते रूसी तेल सस्ते दामों पर उपलब्ध हुआ। इसका फायदा उठाते हुए भारत ने रूसी तेल की खरीद बढ़ाई, जो बढ़कर 15 से 19 फीसदी तक पहुंच गई। इससे भारतीय रिफाइनरियों को अच्छा मुनाफा भी हुआ। अमेरिका ने भारत को रूसी तेल से दूर करने के उद्देश्य से 25 फीसदी टैरिफ लगाया। बेसेंट के अनुसार इसके बाद भारतीय रिफाइनरियों ने रूसी सप्लाई कम कर पश्चिमी एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका से तेल आयात बढ़ाया। बेसेंट ने यूरोपीय देशों की आलोचना करते हुए कहा कि वे एक ओर रूस के खिलाफ बयान देते हैं, जबकि दूसरी ओर भारत से रिफाइंड प्रोडक्ट खरीदते हैं, जो रूसी क्रूड से बने होते हैं। उनके मुताबिक, इससे यूरोप अनजाने में रूस के युद्ध को फंडिंग कर रहा है।




# आज का राशिफल

**मेष**- मेष राशि के जातको के लिए आज का दिन कुल मिलाकर अनुकूल कहा जा सकता है। आज आप अपने पेंडिंग काम के निपटाने में व्यस्त रह सकते हैं। घर की साफ सफाई और व्यवस्था में आपको आज जीवनसाथी की मदद करनी होगी अन्यथा जीवनसाथी की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है। कुछ अचानक आने वाले काम की वजह से दिन के दूसरे भाग में आपको अपनी कार्ययोजना में परिवर्तन करना होगा।

**वृषभ**- वृषभ राशि के लिए आज का दिन सामान्य रूप से अनुकूल कहा जा सकता है। दिन का पहला भाग जहां पारिवारिक जीवन पर फोकस रहने वाला है वहीं दिन का दूसरा भाग आपका मनोविनोद में बीतेगा। आपको आज माता और मातृपक्ष से लाभ एवं सहयोग मिलने का योग बना हुआ है। पारिवारिक बिजनेस से जुड़े जातको के लिए आज का दिन कमाई के लिहाज से अच्छा रहेगा। आपको आज आर्थिक लाभ भी मिल सकता है।

**मिथुन**- आपको आज भाग्य का साथ मिलेगा। कोई अटका काम आपका बनेगा। आपका अटका हुए धन भी प्राप्त होगा। पारिवारिक व्यवसाय में संतान और जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। आज आपको व्यापार में साझेदारों से भी पूरा सहयोग मिलेगा। विद्यार्थी यदि किसी प्रतियोगिता की तैयारी में लगे हैं तो उसमें सफलता प्राप्त कर पाएंगे। आपको आज किसी धार्मिक अथवा सामाजिक काम में भाग लेने का मौका मिलेगा।

**कर्क**- कर्क राशि के लिए आज का दिन आर्थिक मामलों में लाभदायक रहेगा। आपको आज अपनी आर्थिक योजनाओं का लाभ मिलेगा। आज शाम आप अपने परिजनों के साथ किसी शुभ कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। जान पहचान का दायरा बढ़ेगा जिससे आपको भविष्य में आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में आपको अच्छी सफलता मिलती नजर आ रही है।

**सिंह**- आज का दिन शुभ लाभदायक रहेगा। आपकी किसी चिंता और परेशानी का समाधान निकलेगा जिससे आप आज राहत की सांस लेंगे। आप आज किसी लुभावने डील के मिलने की वजह से बिना सोचा खर्च कर सकते हैं। आज भाई बहनों के संबंधों में स्नेह बढ़ेगा।

**कन्या**- आज का दिन मिलाजुला रहेगा। सेहत में नरमी महसूस कर सकते है। विरोधियों और शत्रुओं से भी आपको आज सतर्क रहने की जरूरत है। आपके लिए आज सितारे बताते हैं कि आपको आज कोई भी फैसला जल्दबाजी मे लेने बचना होगा नहीं तो मानसिक रूप से आप परेशान हो सकते है।

**तुला**- आपको आज का दिन संयम और शांति से बिताना चाहिए। दूसरों के मामलों में बिना पूछे हस्तक्षेप करने से आपको आज बचना चाहिए। घर में पुराने अटके हुए कार्यों को भी पूरा करने का भी आज आपको मौका मिलेगा। आज आपको कुछ वरिष्ठ व्यक्तियों से भी मेलजोल करने का भी अवसर प्राप्त होगा। अगर आप कोई प्रॉपर्टी खरीदना चाहते हैं तो उसके सभी पहलुओं को ध्यान से देख लें।

**वृश्चिक**- आज का दिन वृश्चिक राशि के लोगों के लिए मिलाजुला रहेगा। आपको आज कोई भी बड़ा आर्थिक फैसला लेने से पहले अनुभवी लोगों से सलाह जरूर लें। आपके लिए यह भी जरूरी है कि आप किसी पर भी आंख मूंदकर भरोसा करने से बचें। दोपहर के बाद का समय आपके लिए अच्छा रहेगा।

**धनु**- आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। आपको आज परिवार के साथ सुखद समय बिताने का मौका मिलेगा। जीवनसाथी को आप आज शॉपिंग के लिए भी ले जाएंगे। धार्मिक कार्यों में आपको भाग लेने का मौका मिलेगा। दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा, घर की व्यवस्था में आपको आज जीवनसाथी के साथ मिलकर काम करना होगा।

**मकर**- आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आर्थिक मामलों में आपको भावुकता की बजाय व्यवहारिकता से काम लेने के जरूरत है। यदि आज कोई आपसे धन उधार मांगे तो सोच समझकर दें क्योंकि आपका पैसा फंस सकता है। संतान की ओर से आज कोई शुभ समाचार सुनने को मिलेगा जिससे आपको अपनी संतान पर गर्व होगा।

**कुंभ**- आज का दिन सामान्य रूप से अनुकूल रहेगा। आपको आज आर्थिक मामलों में अपनी योजनाओं का लाभ मिलेगा। अगर आप प्रॉपर्टी में निवेश करना चाह रहे हैं तो आपको आज सफलता मिलेगी। आपके लिए सितारे कहते हैं शिक्षा के क्षेत्र में आज आपका प्रदर्शन बेहतर होगा। धर्म कर्म के काम में आज आप धन खर्च कर सकते हैं। ससुराल पक्ष के संबंधियों से आपको आज सहयोग मिलेगा। लव लाइफ में आज आपके प्रेम और तालमेल बना रहेगा।

**मीन**- आज पारिवारिक जीवन में संयम और तालमेल से रहना होगा नहीं तो जीवनसाथी के साथ मनमुटाव हो सकता है। आपको आज किसी काम के सिलसिले में यात्रा करनी पड़ सकती। सेहत का ध्यान रखें। आपकी सेहत आज नरम रहने की आशंका है। बड़े भाई बहनों से आपको आज पूरा सहयोग मिलेगा। बच्चों से संबंधित किसी बात को लेकर आपको आज चिंता हो सकती है। आपको आज दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप करने बचना होगा नहीं तो मान सम्मान की हानि होने का भय रहेगा।

## शब्दजाल - 8152

*शब्द जाल में 10 मिस यूनिवर्स के नाम ढूंढिए. नाम ऊपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.*

सुष्मिता सेन, लारा दत्ता, जस्टिन पासेक, चेल्सी स्मिथ, ब्रुक ली, मिशेल मैकलीन, इरीने सीज, मोना ग्रुड, एमी कुसेला, शान विथरेले

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सु | ष्मि | ता | से | न | द | रि | ला | या | र | क |
| दा | इ | ल | ग | व | जी | ग | रा | इ | ता | ली |
| गि | री | चे | ल्सी | स्मि | थ | ची | द | रा | क | क |
| री | ने | र | दो | पु | ज | न | त्ता | न | त | क |
| क | सी | दो | बु | क | ली | का | मो | ग | व | क |
| जी | ज | ल | प | य | ज | पू | ना | ना | र | को |
| ए | र्मि | कु | से | ला | प | स्टि | श | र | ग्रु | ल |
| क | र्ज | ल्जा | ई | धा | ब | क | न | लो | श | ड |
| ने | बा | म | न्न | ब्रा | ह | त्या | री | पा | प | क |
| शा | न | वि | थ | र | ले | र्त | ऐ | बें | से | त |
| क | मि | शे | ल | मै | क | ली | न | द | प | क |

**शब्दजाल - 8151 का हल**

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**26 जनवरी 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**सोमवार** 2026 वर्ष का 26 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** माघ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** अष्टमी 21.19 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** अश्विनी 12.33 बजे को समाप्त।
**योग** साध्य 09.12 बजे तदनन्तर शुभ 06.20 बजे प्रात: को समाप्त।
**करण** विष्टि 10.17 बजे तदनन्तर बव 21.19 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 7.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 18° 46'
**सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872601
**जूलियन दिन** 2461066.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** सावान **तारीख** 06
**विशेष** भीष्म अष्टमी, मासिक दुर्गाष्टमी, गणतंत्र दिवस।

| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ | समय |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | कुंभ | 07.48 बजे से |
| चंद्र | मेष में | मीन | 09.21 बजे से |
| मंगल | धनु में | मेष | 10.51 बजे से |
| बुध | धनु में | वृष | 12.31 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | मिथुन | 14.30 बजे से |
| शुक्र | धनु में | कर्क | 16.43 बजे से |
| शनि | मीन में | सिंह | 18.59 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कन्या | 21.11 बजे से |
| केतु | सिंह में | तुला | 23.22 बजे से |
| राहुकाल | | वृश्चिक | 01.36 ब.से |
| 7.30 से 9.00 | | धनु | 03.52 बजे से |
| बजे तक | | मकर | 05.58 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली - 7096

**बायें से दायें:-**

१. जैकी श्रॉफ, माधुरी की 'सात सुरों के तार' गीत वाली फिल्म-३
३. 'चांदी की साइकल' गीत वाली गोविंदा, जूही चावला की फिल्म-२
५. अक्षय, करिश्मा की 'गोरी कँवारी सी हसीना का' गीत वाली फिल्म-३
७. नसीरूद्दीनशाह, जैकी, नगमा, शिल्पा की एक फिल्म-२
८. फिल्म 'जाल' की नायिका कौन थी-२
९. 'आयेगा आनेवाला' गीत वाली अशोककुमार, मधुबाला की फिल्म-३
१०. फिल्म 'हीरा पन्ना' में देव आनंद के किरदार का नाम क्या था-२
११. 'दिल क्यों धड़कता है' गीत वाली राहुलराय, पूजा भट्ट की फिल्म-३
१३. जैकी श्राफ, डिम्पल की 'क्या है तुम्हारा नाम' गीत वाली फिल्म-२
१५. दक्षिण की फिल्म 'थेवर मगन' किस भाषा में बनी थी?-३
१७. 'वीरू' 'जय' और 'बसंती' आदि किस सुपर हिट फिल्म के पात्र हैं-२
१८. 'दिल है प्यारे जरा' गीत वाली फिल्म-२
१९. फिल्म 'अनकही' के गीत 'आँखों में अनजाने' का गायक कौन है-२
२०. 'आते आते तेरी याद' गीत वाली संजयदत्त, अनिता की फिल्म-२,१,२
२२. अमिताभ, जीनत की 'जिसका मुझे था इंतजार' गीत वाली फिल्म-२
२३. फिल्म 'सलाखें' में नायक कौन था-२
२५. 'क्यूं ऑचल हमारा गिरा' गीत वाली अक्षयकुमार, रवीना की फिल्म-२
२६. गीत 'दिल के अरमां आँसुओं में' की गायिका कौन है-३
२८. 'काट दिये नाम सब' गीत वाली फिल्म-३
२९. फिल्म 'रॉकी' की नायिका कौन थी-२
३०. जीतेंद्र, जयाप्रदा की 'आईने के सौ टुकड़ें' गीत वाली फिल्म-१
३१. 'सजना के सामने मैं तो गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. अजय देवगन, आयशा जुल्का, करिश्मा कपूर की 'बेशक तुम मेरी मुहब्बत हो' गीत वाली फिल्म-३
२. 'मेरी छतरी के नीचे आजा' गीत वाली धर्मेन्द्र, आदित्य, नसीरूद्दीन शाह, सोनू वालिया, पल्लवी, एकता की फिल्म-४
४. अशोक, प्रदीप, मीना कुमारी की 'दिल जो कह न सका' गीत वाली फिल्म-२,२
६. 'एक तो ये बैरी सावन' गीत वाली दिलीपकुमार, शर्मिला की फिल्म-३
११. विश्वजीत, माला की 'रोकना है अगर रोक लीजे मगर' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'मुर्गी ने झूठ बोला' गीत वाली किशोरकुमार, साधना की फिल्म-४
१४. कंवलजीत, वहीदा की 'तुम अपना रंजोगम' गीत वाली फिल्म-३
१६. फिल्म 'गुरू' में नायक कौन था-३
१७. मनोजकुमार, नंदा, जया की 'पानी रे पानी तेरा रंग कैसा' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'सावन बरसता है तुझसे मिलने को' गीत वाली मिथुन, मीनाक्षी की फिल्म-४
२०. जीतेंद्र, रीना राय की 'तेरे हाथों में पहनाके चूड़ियां' गीत वाली फिल्म-२,३
२१. आँखों के रस्ते दिल में' गीत वाली बॉबी देओल, रानी की फिल्म-३
२४. अमिताभ, हेमा मालिनी की 'हो जाता है प्यार' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'पानी पानी रे खारे पानी रे' गीत वाली चंद्रचूड़सिंह, अरशद वारसी, रवि गोसाई, तब्बू की फिल्म-३

**फिल्म वर्ग पहेली - 7095**

Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगत: स्वर्ग और नरक

बहुत पुरानी कथा है। जापान में झगड़ालू स्वभाव का एक सैनिक था। वह हर किसी से बदतमीजी से बात करता और बहुत मामूली बातों को लेकर भी झगड़ा करता। वह बिना किसी कारण के भी किसी से झगड़ जाता था। उसके इस स्वभाव से उसके मित्र और रिश्तेदार सभी बेहद परेशान रहते थे। उन्होंने सैनिक को कई बार समझाने की कोशिश भी की, मगर उस पर कोई असर नहीं पड़ा। एक बार एक संत उसके पास आए और उन्होंने कहा, 'बुद्धि सदैव बल से श्रेष्ठ होती है।' सैनिक ने कहा, 'यदि ऐसा होता है तो आप मुझे स्वर्ग और नरक के बीच का अंतर समझाइए।' संत शांत हो गए। उन्होंने उसकी बात का कोई उत्तर नहीं दिया। इस पर सैनिक उन पर भड़का और बोला, 'मैं समझाता हूं।' संत की उत्सुकता बढ़ी। सैनिक ने कहा, 'यदि मैं किसी व्यक्ति को बुरी तरह मारता-पीटता हूं तो वह स्थिति उस व्यक्ति के लिए नरक है और यदि वह अचानक उस स्थिति से आजाद हो जाए तो यह उसके लिए स्वर्ग का अहसास है।' इस पर संत कुछ देर शांत रहे, फिर बोले, 'मैं तुम जैसे बुद्धिहीन से तर्क-वितर्क नहीं करना चाहता।' इस पर सैनिक बुरी तरह बौखला गया। अब उसके क्रोध की सीमा नहीं रही। संत बोले, 'अपने आपको ऐसी मूर्खतापूर्ण बातों पर क्रोधित होने देना, यह नरक का अनुभव है। और इस पर प्रतिक्रिया न देना ही स्वर्ग का अहसास करने जैसा है।' यह सुनकर सैनिक निरुत्तर हो गया। संत की बातों का उस पर असर पड़ा और धीरे-धीरे उसके आचरण में सुधार आने लगा।

## सूडोकु नवताल- 7405

★★★✩✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7404 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8620

**बाएँ से दाएँ**

1. उचित, गलत का विलोम-2
4. अधिकार-2
6. परछाई-2
7. सम्मान, प्रसिद्धि-2
9. उल्टी, कै, वमन-3
12. रंग (अंग्रेजी-3)
14. चंचल, फुर्तीला-3
16. भयभीत होना-4
17. फुर्तीलापन-4
18. बसंत काल-3
20. भ्रम, वहम-3
22. आश्रय, शरण-3
24. राजनीतिक पार्टी-2
26. शारीरिक ऊंचाई-2
27. गन्ना-2
28. शाखा, टहनी-2

**ऊपर से नीचे**

1. नमस्ते, आदाब-3
2. देह, बदन, तन-2
3. शराब, मदिरा-2
5. डोली उठानेवाले-3
6. पत्नी की छोटी बहन -2
8. वहम, संदेह-2
10. जरुरतमंद-5
11. नाग, सर्प-2
13. आनंदित होना -5
14. भारत से निकलने वाली नदी जो पाकिस्तान में खत्म होती है-3
15. ढीला, सुस्त-3
19. नुकसान, घाटा-2
20. सद्कार्य-3
21. नशा, सरुर, खुमार-2
22. ओहदा -2
23. भवन, कोठी-3
25. क्षण, पल-2
26. कलिका, फूल खिलने से पहले की स्थिति-2

**शब्द पहेली -8619 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | क | हा | नी | ■ | प | ती | ला | ■ |
| मा | ला | ■ | र | ■ | र | ■ | वा | दा |
| म | ■ | ■ | ब | र | दा | न | ■ | ला |
| ला | य | क | ■ | न | ■ | म | न | न |
| ■ | ■ | र | मी | ■ | गॉ | की | ■ | ■ |
| सू | र | त | ■ | आ | ■ | न | झ | र |
| री | ■ | ब | ह | का | ना | ■ | ■ | की |
| ला | ख | ■ | टा | ■ | ह | ■ | र | ब |
| ■ | र | वा | ना | ■ | क | ल | म | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# जनपद अध्यक्ष मुख्य समारोह में लेंगी परेड की सलामी

पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।

नगर के वीरांगना रानी अवंती बाई स्टेडियम में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर मुख्य समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें जनपद अध्यक्ष श्रीमती माया उइके के हस्ते ध्वज फहराकर परेड़ की सलामी ली जावेगी। जिसमें अतिथियों के आगमन के बाद 9 बजे ध्वजारोहण कर सामूहिक राष्ट्रगान किया जाएगा। तत्पश्चात मुख्य अतिथि श्रीमती माया उइके परेड की सलामी लेकर मुख्यमंत्री का संदेश वाचन करेगी। इसके बाद स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान पीटी व सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति के उपरांत पुरस्कार वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। जिसमें नगर सहित क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने की अपील कार्तिकेय जायसवाल एसडीएम वारासिवनी ने की है।

## गोलीबारी चौक में तिरंगे को दी जायेगी सशस्त्र सलामी

गणतंत्र दिवस कार्यक्रम गोलीबार चौक में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा संयुक्त रूप से मनाया जाएगा। जहाँ 26 जनवरी की सुबह 7.45 बजे ध्वज फहराया जाएगा। जिसमें पुलिस प्रशासन राष्ट्रीय ध्वज को सशस्त्र सलामी दी जायेगी।

## नपाध्यक्ष श्रीमती सरिता दांदरे करेगी ध्वजारोहण

नगर पालिका परिषद वारासिवनी में गणतंत्र दिवस की वर्षगांठ पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे के हस्ते ध्वजारोहण किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 7.30 बजे ध्वजारोहण कर सामूहिक राष्ट्रगान किया जायेगा। जिसके बाद गांधी बाल उघान में ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस की वर्षगांठ मनाई जायेगी। इस अवसर पर नगरवासियों से कार्यक्रम के साक्षी बनने की अपील सूर्यप्रकाश उके मुख्य नगर पालिका अधिकारी वारासिवनी ने की है।

## भाजपा कार्यालय में लहरायेगा तिरंगा

भारतीय जनता पार्टी कार्यालय वारासिवनी में गणतंत्र दिवस पर आन बान शान के साथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहराया जायेगा। जहां पर पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल की उपस्थिति में पूर्व अध्यक्ष ग्रामीण मंडल भाजपा चिरोंजी पारधी के हस्ते ध्वजारोहण किया जायेगा। यह कार्यक्रम सुबह 8.30 बजे ससम्मान किया जायेगा। इस अवसर पर नगर सहित क्षेत्र के लोगों से उपस्थित होकर राष्ट्रीय पर्व मनाने की अपील नगर मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष वेदप्रकाश पटेल ने की है।

## दीनदयाल चौक में समाजसेवी अनिल खंडेलवाल करेंगे ध्वजारोहण

नगर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक पर भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर ध्वजारोहण किया जाएगा। जिसमें प्रात: 8 बजे समाजसेवी अनिल खंडेलवाल के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का ध्वजारोहण किया जाएगा। जिसमें भाजपा पदाधिकारी सदस्य सहित गणमान्य नागरिकों से अधिकाधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित होकर लोकतंत्र का पर्व मनाने की अपील नगर मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष वेदप्रकाश पटेल ने की है।

## कांग्रेस कार्यालय में ब्लॉक अध्यक्ष करेंगे ध्वजारोहण

नगर के दीनदयाल चौक स्थित कांग्रेस कार्यालय एवं विधायक जनसंपर्क कार्यालय में 26 जनवरी की प्रात: 8 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। यह ध्वजारोहण विधायक विवेक पटेल की उपस्थिति में ब्लॉक अध्यक्ष सुनील राणा ,तेजराम नगपुरे ,जितेंद्र सिंह राजपूत के मुख्य आतिथ्य एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य गोकुल प्रसाद गौतम की अध्यक्षता सहित वरिष्ठ कांग्रेसियों के विशेष आतिथ्य में किया जायेगा। जिसमें अधिकाधिक संख्या में कांग्रेस जनों से उपस्थित होने की अपील विधायक विवेक पटेल ने की है।

# पूर्व जनपद सदस्य पन्ना धार्मिक का निधन अंत्योंष्टि आज

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** वारासिवनी नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी समाजसेवी एवं ग्राम वारा के पूर्व जनपद सदस्य उमाशंकर उर्फपन्ना धार्मिक का 25 जनवरी की सुबह अचानक हृदय घात होने से निधन हो गया। इस घटना की जानकारी लगते ही पूरे नगर सहित क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हैं।



उमाशंकर धार्मिक शांत सरल स्वभाव एवं मृदुभाषी थे जिनका ग्रामीण स्तर की राजनीति में अ'छा दखल था। जो राजनीति के साथ प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं ठेकेदार के रूप में क्षेत्र में काम करते रहे। इस दौरान दीन दुखियों के लिए समाज सेवा में भी उनके द्वारा बढ़.चढ़कर भाग लेकर कार्य किया गया। बीते दो दिवस पूर्व 23 जनवरी को उनके जन्म दिवस की झलकियां लोगों के आंखों में ही थी। ऐसे में 25 जनवरी की सुबह करीब 11 बजे अचानक तबीयत खराब हुई और उन्हें डॉक्टर के यहां लाते तक हृदय घात से उनकी दुखद मौत हो गई। उमाशंकर धार्मिक अपने पीछे अपना परिवार छोड़ो अनंत की यात्रा पर निकल चुके हैं। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम वारा के स्थानीय मोक्ष धाम में 26 जनवरी की सुबह 10 बजे किया जाएगा। इस अवसर पर नगर सहित क्षेत्र में उनके परिचित लोगों ने ईश्वर से उन्हें अपने चरणों में स्थान देने एवं परिवार को दुख सहन करने की शक्ति देने की कामना कर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं।




निलेश बौध्द
जिला अध्यक्ष
आजाद समाज पार्टी

जितू सीएन
बौध्द जिला प्रभारी

रितेश बोरकर
जिला अध्यक्ष
भीम आर्मी

सुजल मेश्राम
जिला अध्यक्ष
स्टुडेंट फेडरेशन

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की
आप सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनायें
विनीतः निलेश बौध्द जिला अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी बालाघाट

इबादत है गांधी की, भीम की ये इबारत है।
इसको महफूज रखना ये शहीदो की आदत है।।
जिले वासियों को 26 जनवरी 2026
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनायें



विनीत:: लोक डोंगरे स्वप्रिल कवि एवं अधिवक्ता

26 जनवरी
गणतंत्र दिवस की
आप सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनायें





लक्ष्मीकांत बैस
सरपंच

हुड़कीराम चुन्ने
सचिव

श्रीमती डिलनबाई नगपुरे
उपसरपंच

टापसिंह बाहेश्वर रोजगार सहायक एवं समस्त पंचगण व ग्राम वासी ग्राम पंचायत थानेगांव जनपद पंचायत वारासिवनी

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की
आप सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनायें...





सुभाष पारधी
अध्यक्ष, कृषक महासंघ
विनीत:: कृषक महासंघ वारासिवनी

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की
आप सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनायें



श्रीमती रेखा मुन्ना राणा
सरपंच

महेश इड़पांचे
उपसरपंच

संजय पंचभाये
सचिव

दीपेंद्र पारधी
सहायक सचिव

श्रीमती रेखा मुन्ना राणा सरपंच, महेश इड़पांचे उपसरपंच, संजय पंचभाये सचिव, दीपेंद्र पारधी सहायक सचिव एवं समस्त पंचगण व ग्रामवासी ग्राम पंचायत नरोडी जनपद पंचा.वारासिवनी



मान.कमलनाथ
पूर्व मुख्यमंत्री

मान. जीतू पटवारी
कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

मान.उमंग सिंघार
नेता प्रतिपक्ष



26 जनवरी 2026
गणतंत्र दिवस
की समस्त जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनायें

मान विवेक पटेल
विधायक

विनीत:: विवेक विक्की पटेल, विधायक
वारासिवनी खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र

26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
आप सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनायें





सत्यम शर्मा
बीएमओ

संजय तुरकर
खण्ड कार्यक्रम अधिकारी

विनीतः संजय तुरकर खण्ड कार्यक्रम अधिकारी वारासिवनी

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की
आप सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनायें



कन्हैया खैरवार
सरपंच

अल्का ठाकरे
उपसरपंच

नामदेव राऊत
सचिव

विनीत:: कन्हैया खैरवार सरपंच,श्रीमती अल्का ठाकरे उपसरपंच, नामदेव राऊत सचिव, थानेन्द्र नगपुरे सहायक सचिव एवं समस्त पंचगण व ग्राम वासी ग्राम पंचायत सिकन्द्रा जनपद पंचायत वारासिवनी

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की
आप सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनायें...



सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें
विनीत : सतेन्द्र शरणागत
बीआरसी जनपद शिक्षा केन्द्र वारासिवनी

26 जनवरी 2026
गणतंत्र दिवस
की आप सभी जिले व क्षेत्र वासियों को
हार्दिक बधाईयां





विनीतः मधु ऋषी शुक्ला
जिला पंचायत सदस्य खैरलांजी

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की
आप सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनायें



मान:-देवीप्रसाद गौतम
सरपंच

मान:-सुरेन्द्र शेन्द्रे
उपसरपंच

विनीत::देवीप्रसाद गौतम सरपंच , सुरेन्द्र शेन्द्रे उपसरपंच, खेलेन्द्र राहगंडाले सचिव,प्रमोद पटले सहायक सचिव एवं समस्त पंचगण व ग्राम वासी ग्राम पंचायत खापा जनपद पंचायत वारासिवनी

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की
आप सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनायें...



विनीत
के एल चौहान
प्रभारी प्राचार्य
कमला नेहरू शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय वारासिवनी

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की
आप सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनायें...



सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें
विनीत : हुमराज पटले उपप्राचार्य
सांदीपनि टिहलीबाई शासकीय उत्कृष्ट उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय वारासिवनी





Run By - Gyan Vikas Samiti

KESHAV ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
WARASEONI
WISHES YOU
HAPPY REPUBLIC DAY

Pradeep Tiwari
President
Gyan Vikas
Samiti Waraseoni

Mr. Vijay Telaskar
Secretary
Gyan Vikas
Samiti Waraseoni

Mr. Jitendra Tembhre
Superintendent
Keshav English School
Waraseoni

Mr. Pradeep Sharma
Principal
Keshav English School
Ward No. 14 Gangotri Colony
Waraseoni, 7247484411

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की
आप सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनायें



मान विवेक पटेल
विधायक

श्रीमती गायत्री राणा
सरपंच

सुनिल राणा
ब्लॉक अध्यक्ष
कांग्रेस कमेटी वारासिनी

विनीत:: श्रीमती गायत्री सुनिल राणा सरपंच, राकेश चौरे उपसरपंच,संगीता गजभियें सचिव एवं समस्त पंचगण व ग्राम वासी ग्राम पंचायत कौलीवाड़ा जनपद पंचायत वारासिवनी



सरस्वती शिशु/सरस्वती हायर सकेण्ड्री स्कूल वारासिवनी
की ओर से समस्त अभिभावक एवं क्षेत्र वासियों को 26 जनवरी 2026
गणतंत्र दिवस की हार्दिक
आप सभी क्षेत्रवासियों को शुभकामनायें

इंग्लिश मिडियम के जी वन से कक्षा 7 तक,
हिन्दी मिडियम कक्षा 8 से कक्षा बारहवीं समूह-
गणित, जीव विज्ञान,कृषि समूह

विनीत:: समिति अध्यक्ष प्रदीप तिवारी, सचिव विजय तेलासकर, प्राचार्य राजेन्द्र मिश्रा एवं समस्त स्टॉप वारासिवनी

बालाघाट एक्सप्रेस

संपादकीय

### सत्य एक व्रत की तरह है

सत्यमेव व्रतं यस्य दया दीनेषु सर्वदा।
कामक्रोधौ वशे यस्य स साधुः - कथ्यते बुधैः।।




विशेष संपादकीय

# बहुत सी खुशनसीबी में कई उदासियां भी

चार्ल्स डिकेंस की एक पंक्ति है- यह सबसे अच्छा समय था. यह सबसे बुरा समय था. भारतीय गणतंत्र के सफर को देखें, तो कुछ ऐसी ही तस्वीर बनती है. हमने गणतंत्र बनने के बाद बीते सात दशक में कई तरह की बाधाओं को पार किया, लेकिन अब भी कई कठिनाइयों से जूझ रहे हैं. अगर सिर्फ महिलाओं की पिछले सत्तर वर्षों की यात्रा पर नजर डालें, तो यह एक शानदार समय रहा, पर कठिन भी. कुछ कठिनाइयां आज भी समाज और सत्ता में बरकरार हैं. यह समय खुशनसीब इन अर्थों में रहा कि महिलाओं ने सदियों के अंधेरे को पार किया, पर्दा प्रथा, बाल विवाह, दुखदायी वैधव्य जैसी कुप्रथाओं से उबर कर महिलाओं ने पढ़ने-लिखने, नौकरी करने की आजादी हासिल की. आज स्त्री की पहचान मां, पत्नी, बहन और बेटी के दायरे से बाहर निकल कर स्वतंत्र, आर्थिक रूप से सक्षम और अपने फैसले खुद करने वाली सशक्त स्त्री की है।

इस अवधि ने इंदिरा गांधी को देखा, मदर टेरेसा को देखा, मृणाल गोरे और मेधा पाटकर को देखा.द्रोपदी मुर्मू को देख रहा है.पुरुष केंद्रित समाज में महिलाओं ने लगातार विभिन्न क्षेत्रों में अपनी जगह बनायी. अंतत: 2020 में सेना में भी महिलाओं को स्थायी कमीशन मिला. मोबाइल और इंटरनेट क्रांति से महिलाओं को दुनिया से संवाद करने, अपने विचार रखने, मुद्दे उठाने के लिए एक प्लेटफार्म मिला, लेकिन इन दशकों ने महिलाओं पर गजब के कहर भी ढाये हैं. देश ने निर्भया कांड देखा, हाथरस की घटना देखी, सोनी सोरी के साथ हुई अमानवीयता देखी. महिलाओं के साथ होनेवाली हिंसा की अनगिनत घटनाएं हैं. आज भी ग्रामीण इलाकों की महिलाएं संघर्ष कर रही हैं, जहां उनकी आमदनी और स्वास्थ्य का संकट कायम है. मनुष्य विरोधी विकास और बाजारवाद की आंधी ने उन छोटे-मोटे कुटीर उद्योगों को नष्ट कर दिया है, जिसे पहले महिलाएं चलाती थीं, जो महिलाएं पहले एक हुनरमंद बुनकर थीं या खेतिहर थीं, वे आज मजदूरी कर रही हैं या फिर फेरीवाली बन गयी हैं या देह व्यापार में चली गयी हैं। महाराष्ट्र के ग्रामीण इलाकों में महिलाओं के कठिन जीवन को मैंने नजदीक से देखा है. आदिवासी इलाकों में कई आदिवासी महिलाएं ऐसी मिलेंगी, जिनकी पीठ पर बच्चा और हाथ में कुदाल है. बीते सत्तर सालों में वह बच्चा पीठ से गोदी पर नहीं आया, इससे ज्यादा बदनसीबी और क्या होगी। आप मछुआरों की बस्ती में जाकर देखें, जो मछुआरनी सुबह से शाम तक जाल लिये खड़ी रहती हैं, उनके हाथ में दिन-भर में महज दो से तीन सौ रुपये आते हैं. मजदूर महिलाओं को मिलने वाले मेहनताने का भी यही हाल है. यह डरावना सच है. इसी समय का चमकता सच है कि देश ने हरित क्रांति, संचार क्रांति देखी, पोस्ट कार्ड से ईमेल के युग में पहुंचा. आइआइटी, आइआइएम, जेएनयू, डीयू जैसे उत्कृष्ट संस्थानों का विकास और विस्तार हुआ. मेडिकल साइंस ने भारतीयों की औसत आयु बढ़ा दी. हाशिये के लोगों का शिक्षा और राजनीति में प्रतिनिधित्व बढ़ा. बड़े-बड़े बांध बने, हाईवे बने, स्मार्ट सिटी बनी. लेकिन दर्दनाक सत्य यह भी है कि तीन लाख किसानों ने आत्महत्या की, लाखों आदिवासी विस्थापित हुए, विकास और उदारीकरण की आंधी में उनके कृषि आधारित परंपरागत उद्योग धंधे चौपट हुए, वे छोटे मजदूर बन गये एटॉमिक पावर बन गये. भारत की एक बड़ी आबादी फुटपाथ पर सोती है और किसी रईसजादे की महंगी गाड़ी उन्हें कुचलकर आगे बढ़ जाती है और उस ईसजादे पर खरोंच तक नहीं आती. इसी समय का एक सच ये भी कि अस्सी करोड़ भारतीय जनता आज भी सरकारी सहायता से पेट भर रही है। स्त्री मजबूत बने, ताकतवर बने, इसके लिए देखना होगा कि स्त्री समस्या की जड़ें कहां हैं. स्त्री की आधी समस्या खत्म हो जायेगी, यदि पुरुष और समाज अपनी सामंती व मर्दवादी सोच से मुक्त हो जाएं, अब सवाल यह है कि इस सोच को दाना-पानी कहां से मिलता है. कोई भी धर्म स्त्री और पुरुष को समान नहीं मानता है।

# भारतीय गणतंत्र की सकारात्मक यात्रा

**प्रो बद्री नारायण ( प्रख्यात साहित्यकार एवं निदेशक, जीबी पत सोशल साइत इंस्टिट्यूट )**

पहले से चली आ रही सामाजिक मानसिकता और नये परिवर्तनों एवं चाह के साथ कैसे संवाद हो, इस पर सोच-विचार की आवश्यकता है. इसके लिए हमें एक नयी भाषा गढ़नी होगी ताकि इनके बीच एक पुल बन सके. यह भाषा ऐसी नहीं होनी चाहिए कि यह ऊपर से थोधी गयी प्रतीत हो. मेरा मानना है कि इस दिशा में नीति-निर्धारकों, राजनेताओं, प्रशासकों, साहित्यकार, बुद्धिजीवी आदि को मिल-जुलकर प्रयत्नशील होना चाहिए।

हम आज अपना 77वां गणतंत्र दिवस मना रहे हैं और हमारी स्वतंत्र गणतांत्रिक व्यवस्था के 76 वर्ष पूरे हुए हैं. पिछले वर्ष औपनिवेशिक शासन से भारत की स्वतंत्रता के 79 वर्ष पूरे हुए थे. आम तौर पर कहा जाता है कि भारत में लोकतंत्र स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद आया और उस यात्रा ने सात दशक से अधिक का समय पार कर लिया है. इस अवधि में हमारे देश में लोकतंत्र की पैठ गहरी हुई है. समाज की संरचना और उसके प्रमुख ढांचे भी उत्तरोत्तर लोकतांत्रिक होते गये हैं,





चाहे वह राजनीतिक ढांचा ही, सामाजिक ढांचा हो, सांस्कृतिक ढांचा हो. लोकतांत्रिक होने की इस प्रक्रिया को लेकर मुख्य रूप से दो तरह के तर्क दिवे जाते हैं. एक तर्क यह है कि चूंकि यह प्रक्रिया सामंती पृष्ठभूमि से निकली है, तो लोकतंत्र के नीचे तक पहुंच पाना एक मुश्किल प्रक्रिया है. दूसरा तर्क यह है कि भारत में लोकतंत्र का इतिहास बहुत प्राचीन काल से प्रारंभ होता है, जब हमारे यहां महाजनपदों या गणराज्यों का विकास हुआ. उस काल में शासक का चुनाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया से लोगों द्वारा किया जाता था. इस संबंध में काशी प्रसाद जायसवाल की पुस्तक स्वतंत्रता प्राप्ति से बहुत पहले ही प्रकाशित हो चुकी थी. इस तर्क के आधार पर ही भारत को मदर ऑफ डेमोक्रेसी (लोकतंत्र की जननी) कहा जाता है. ऐसे में भारतीय समाज में एक अंतर्निहित लोकतांत्रिक चेतना उपस्थित है. इस आधारभूत संरचना के कारण स्वतंत्रता के बाद लोकतंत्र का विस्तार होता गया है।

भारत एक गणतांत्रिक राष्ट्र है और बीते सात दशकों में विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों, नौतियों, गतिविधियों एवं प्रयासों के माध्यम से नीचे तक गणतंत्र को फैलाने का कार्य हुआ है. समाज की आधारभूत संस्थाओं तक लोकतंत्र का प्रसार हुआ है. जहां तक इस यात्रा में कमियों अथवा अपेक्षाओं एवं आकांक्षाओं के फलीभूत होने या न होने का प्रश्न है, तो मेरा मानना है कि देश में लोकतांत्रिक चेतना का तो व्यापक प्रसार हुआ है. इस प्रसार की प्रक्रिया में संवर्ष होते हैं, निराशा भी होती है, आशा भी जगती है. यह सब भी हो रहा है और इसी के साथ जनतंत्र भी फैलता जा रहा है. दूसरी बात यह है कि जनतांत्रिक राज्य से जो लाभ मिलने चाहिए, आशाएं कितनी पूरी हुई, तो हमें यह समझना चाहिए कि आशाएं कभी भी पूरी नहीं होतीं. होता यह है कि हम एक समय में एक लक्ष्य या आशा रखते हैं कि हमें यह मिल जाए, आकांक्षा रखने की भी समुदाय में एक क्षमता होती है. उस आधार पर आशा की जाती है. जब वह पूरी हो जाती है, तो आकांक्षाओं का भी विस्तार हो जाता है. यह प्रक्रिया निरंतर जारी रहती है।

हमें यह समझाना चाहिए कि लोकतंत्र की यह भी एक विशेषता है कि वह हमेशा आशाएं जगाता है. इसलिए लोकतांत्रिक राज्य से हर व्यक्ति पाता भी है और अधिक पाने की अपेक्षा भी रखता है. ऐसे में हमें शिकायतें भी सुनायी पड़ती हैं कि यह नहीं मिला, वह नहीं मिला, लेकिन तब तक बहुत कुछ मिल चुका होता है और अधिक की चाहत पनप चुकी होती है. संविधान सभा में अपने अंतिम संवोधन में बाबासाहेब आंबेडकर ने रेखांकित किया था कि राजनीतिक समानता तभी सुनिश्चित हो सकेगी, जब हमारे देश में सामाजिक और आर्थिक समानता स्थापित होगी. यह सटीक कसौटी है. उस दिशा में हम देख रहे हैं कि सामाजिक समानता की और हम निरंतर अग्रसर है. हमारे समाज की जो पिरामिड सरीखी संरचना रही है, अब वह धीरे-धीरे समानता के धरातल पर आ रही है. इस समानता को हासिल करने के लिए हमारा संविधान, हमारा राष्ट्र राज्य, हमारी संस्थाएं सभी प्रतिबद्ध हैं, उसमें टकराहटें होनी स्वाभाविक है और चाहतें भी बढ़ रही हैं, पर वह प्रक्रिया चल रही है तथा सामाजिक लोकतंत्र मजबूत होता जा रहा है. यह महत्वपूर्ण है।

यहां से भविष्य की ओर की यात्रा का आकलन करें, तो इसमें युवाओं की बड़ी भूमिका होगी क्योंकि हमारी जनसंख्या में उनकी हिस्सेदारी बहुत अधिक है. यह जो युवा वर्ग है, उसमें मुख्य रूप से दो श्रेणियां हैं. एक वाह युवा है, जो आधुनिकता में एक प्रकार से डूब गया है और अपनी जड़ों से कहीं-न-कहीं कट गया है. दूसरे प्रकार का युवा वह है, जो लोकतंत्र के लाभ भी प्राप्त कर रहा है और अपनी जड़ों से भी जुड़ा हुआ है. इनके अलावा भी हम तरह-तरह के युवाओं को रेखांकित कर सकते हैं।

भविष्य में साइबरस्पेस, आधुनिकता, वैश्वीकरण, उदार अर्थव्यवस्था आदि अहम होंगे. इन कारकों ने हमारे समाज पर अलग-अलग ढंग से प्रभाव डाला है. अभी हम कोरोना महामारी के साये से बाहर निकले हैं. इस स्थिति में हमारे युवा को स्वयं को पुनर्निर्मित करना है ताकि वह चुनौतियों और प्रक्रियाओं के साथ सामंजस्य स्थापित कर सके, भविष्य को लेकर मुझे नहीं लगता है कि हमारी राह में कोई बड़ी बाधा है. अगर हमारे पास, हमारे लोकतांत्रिक राज्य में, हमारी संस्थाओं में परिवर्तन को लेकर इच्छाशक्ति है, तो निश्चित ही हम आगे बढ़ते जायेंगे, जहां तक चुनौतियों की बात है, तो पाहले से चली आ रही सामाजिक मानसिकता और नये परिवर्तनों एवं चाह के साथ कैसे संवाद हो, इस पर सोच-विचार की आवश्यकता है. इसके लिए हमें एक नयी भाषा गढ़नी होगी ताकि इनके बीच एक पुल बन सके यह भाषा ऐसी नहीं होनी चाहिए कि यह ऊपर से थोपी गयी प्रतीत हो।

मेरा मानना है कि इस दिशा में नीति-निर्धारकों, राजनेताओं, प्रशासकों, साहित्यकार, बुद्धिजीवी आदि को मिल-जुलकर प्रयत्नशील होना चाहिए, हमारी गणतांत्रिक यात्रा की एक बड़ी उपलब्धि यह रही है कि सर्वाधिक परिवर्तन और चेतना का प्रसार वंचित समुदयों में ही हुआ है, जो हमारी आबादी का बड़ा हिस्सा हैं. लोकतंत्र और सत्ता में उनकी भागीदारी में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है. ऊपरी तबकों में स्थायित्व के कारण बदलाव को देखना भले मुश्किल हो, पर सबाल्टर्न वर्ग में बड़े बदलाव आये हैं. यह हमारी गणतांत्रिक व्यवस्था की बड़ी सफलता है. साहित्यिक समुदाय का हिस्सा होने के नाते में यह भी जोड़ना चाहूंगा कि हमारा जो साहित्य का क्षेत्र है, जो रचनात्मक स्फीयर है, उसको एक ऐसी भाषा और ऐसे लेखन के विकास के लिए प्रयासरत होना चाहिए, जो हमारी जड़ों की सामाजिक मानसिकता को आधुनिक चाहतों के साथ जोड़ सके तथा एक सामाजिक परिवर्तन के रचना-कर्म का आधार बन सके, गणतांत्रिक यात्रा के अब तक के अनुभव और उपलब्धियां हमें भविष्य के प्रति आश्वस्त करती हैं।




# विचारों से खुलते हैं नए रास्ते

**-हेनरिक रोहरर**

जब कल्पना और ज्ञान साथ-साथ चलते हैं, तभी नई संभावनाएं जन्म लेती हैं। कभी-कभी एक छोटा-सा विचार या असफलता नया रास्ता दिखा देती है। अपने ज्ञान पर विश्वास होना अच्छी बात है, पर यह मान लेना कि हम सब कुछ जानते हैं, पतन की शुरुआत है।



विज्ञान का अर्थ केवल प्रयोगशालाओं, समीकरणों या उपकरणों तक सीमित नहीं है, विज्ञान वास्तव में जीवन को समझने की एक गहरी मानवीय यात्रा है। विज्ञान लगातार एक पतली रस्सी पर चलने जैसा है, अंधविश्वास व जिज्ञासा के बीच, विशेषज्ञता और रचनात्मकता के बीच, पूर्वाग्रह और खुलेपन के बीच। यही संतुलन विज्ञान को जीवंत बनाता है।

जीवन भी कुछ ऐसा ही है। हम अनुभवों के सहारे आगे बढ़ते हैं, परंतु जरूरी नहीं कि हर अनुभव अंतिम सत्य ही हो। विज्ञान हमें सिखाता है कि आज जो सत्य है, हो सकता है कल वह सवालों के घेरे में आ जाए। इस अनिश्चितता को स्वीकार करना ही वैज्ञानिक सोच की पहली शर्त है। जब हम अपने विश्वास को ही अंतिम मान लेते हैं, तब विकास रुक जाता है। विज्ञान में विशेषज्ञता जरूरी है, पर केवल वही एकमात्र शर्त नहीं है। रचनात्मकता के बिना खोज असंभव है। इतिहास गवाह है कि महान वैज्ञानिक उपलब्धियां अक्सर उन

लोगों ने कीं, जिन्होंने अपनी सीमाओं से बाहर जाकर सोचने का साहस दिखाया। जब कल्पना और ज्ञान साथ-साथ चलते हैं, तभी नई संभावनाएं जन्म लेती हैं। पूर्वाग्रह विज्ञान का सबसे बड़ा शत्रु है।

खुलेपन का अर्थ है, गलत होने की संभावना को स्वीकार करना। जब हम दूसरों को सुनने, समझने और उनसे सीखने के लिए खुले रहते हैं, तभी आगे बढ़ते हैं। कभी-कभी एक छोटा-सा विचार या एक असफलता हमें नया रास्ता दिखा देती है। महत्वाकांक्षा विज्ञान को आगे बढ़ाती है, लेकिन वह यदि संवेदनहीन हो जाए, तो विनाशकारी भी बन सकती है। इसलिए विज्ञान को केवल उत्साह से नहीं, बल्कि गहरे समर्पण और नैतिक जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ना चाहिए। अपने ज्ञान पर विश्वास होना अच्छी बात है, लेकिन यह मान लेना कि हम सब कुछ जानते हैं, पतन की शुरुआत है।

विज्ञान और जीवन, दोनों ही भूत, वर्तमान और भविष्य के बीच चलने वाले निरंतर संवाद हैं। यह ऐसी यात्रा है, जहां निश्चितताएं कम हैं, पर संभावनाएं अनंत हैं। और इन्हीं संभावनाओं में सूजन है, विकास है और भविष्य की आशा छिपी हुई है।

दुसरा पहलू

*गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथियों की परंपरा 1950 से जारी है। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सुकर्णो भारत गणराज्य के पहले मुख्य अतिथि थे।*

# गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथियों की परंपरा

देश के 77 वें गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि होंगे यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन। गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथियों की परंपरा 1950 से जारी है। बेशक, मुख्य अतिथि की उपस्थिति न केवल 26 जनवरी को निकलने वाली परेड की शोभा बढ़ाती है, बल्कि द्विपक्षीय संबंधों, व्यापार, रक्षा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को गति देती है।

पहले परेड इर्विन स्टेडियम (दादा ध्यानचंद स्टेडियम) में आयोजित होती थी। 1955 से यह राजपथ (कर्तव्य पथ) पर आयोजित होने लगी।

भारत जब अपना पहला गणतंत्र दिवस मना रहा था, तब इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सुकर्णो को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। उस समय परेड इर्विन स्टेडियम (अब दादा ध्यानचंद स्टेडियम) में आयोजित की गई थी। हालांकि, 1952 और 1953 के गणतंत्र दिवस समारोह में विभिन्न कारणों से कोई मुख्य अतिथि नहीं था। 1955 से परेड राजपथ (अब कर्तव्य पथ) पर स्थायी रूप से आयोजित होने लगी। 1955 में पाकिस्तान के गवर्नर जनरल मलिक गुलाम मोहम्मद को



आमंत्रित किया गया। वह महिंद्रा एंड महिंद्रा के संस्थापकों में से एक थे। 1960 में सोवियत संघ के राष्ट्रपति क्लिमेंट वोरोशिलोव और 1961 में ब्रिटेन की रानी एलिजाबेथ द्वितीय जैसे नेता गणतंत्र दिवस परेड में शामिल हुए। 1966 में कोई अतिथि नहीं था। अफ्रीकी और लैटिन अमेरिकी देशों का 1970 के दशक में प्रतिनिधित्व बढ़ा। 1980 के दशक में आर्थिक उदारीकरण की शुरुआत हुई, और मुख्य अतिथियों के चयन में विकसित देशों पर जोर दिया गया। 1995 में दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला आए। इस दशक में सोवियत संघ के विघटन के बाद रूस और पूर्वी यूरोप के देशों पर ध्यान केंद्रित हुआ। 2007 में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और 2010 में दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली म्युंग-बाक जैसे नेता मुख्य अतिथि बने। इस दशक में भारत की %लुक ईस्ट% नीति पर जोर दिया गया। 2015 में बराक ओबामा, पहले अमेरिकी राष्ट्रपति, मुख्य अतिथि थे। यह भारत-अमेरिका संबंधों में मील का पत्थर था। 2018 में आसियान के 10 नेता (पहली बार सामूहिक आमंत्रण) मुख्य अतिथि बने। 2021 व 2022 में कोविड के कारण कोई मुख्य अतिथि नहीं था। मिस्र के राष्ट्रपति 2023 में, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों 2024 में, और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो 2025 में मुख्य अतिथि बने। इस परंपरा का महत्त्व भारत की विदेश नीति के साथ गहराई से जुड़ा है। मुख्य अतिथि के चयन से भारत अपने रणनीतिक हितों को आगे बढ़ाता है। यह परंपरा न केवल सैन्य शक्ति प्रदर्शन है, बल्कि सांस्कृतिक आदान-प्रदान का माध्यम भी है, जहां मुख्य अतिथि भारतीय संस्कृति, विविधता और प्रगति से परिचित होते हैं।

इस परंपरा का महत्व भारत की विदेश नीति के साथ गहराई से जुड़ा है। मुख्य अतिथि के चयन से भारत अपने रणनीतिक हितों को आगे बढ़ाता है। यह भारत की सैन्य शक्ति प्रदर्शन का जरिया भी है।

**विवेक शुक्ला**

मुद्दा

# विवेकवाद की प्रतीक्षा

दुनिया संकट के मुहाने पर है। इसका कारण ट्रंप और पुतिन नहीं, हम स्वयं हैं। भौतिकता हमें इतनी रास आने लगी है कि हम उसका गुलाम बनने में अपनी सफलता मान रहे है। और यही गुलामी हमें व्यक्तिवादी, मानसिक रूप से आलसी बनाती है और किसी भी प्रकार का जोखिम उठाने से रोकती है। इसी भौतिकता केंद्रित संस्कृति से उपजी भिन्न राजनीतिक संस्कृति को हम नापसंद तो करते हैं पर नकारने की स्थिति में नहीं होते हैं। ट्रंप का अमेरिकी लोकतंत्र में फिर से उदय यही प्रमाणित करता है।

विकसित लोकतंत्र का दावा करने वाले देश के शीर्ष पर बैठे राजनेता मध्ययुगीन राजाओं की तरह व्यवहार कर रहे हैं। ताकत की भाषा ने तर्क की भाषा को पूरी तरह विस्थापित कर दिया है। ट्रंपवाद का मतलब है जिसकी लाठी उसकी भैंस। यह कोई कूटनीति नहीं है, बर्बर मध्ययुगीन संस्कृति है। युद्ध, मारकाट, चेतावनी, धमकी, अमर्यादित भाषा कथित विकसित लोकतंत्र के राजनयिकों का चरित्र हो गया है और हम उसे नियति मानकर स्वीकार कर रहे हैं। प्रतिकार, संशोधन या असहमति का संगठित स्वर अंकुरित होने से पूर्व ही समाप्त हो जाता है। ऐसा नहीं है कि इन समस्याओं के बारे में लोग नहीं जानते हैं। पर समाधान के लिए मंथन तो दूर, पहल भी नहीं हो रही है।

समाधान का सूत्र गणितीय नहीं होता है, जिसे लागू करते ही हम क्षण भर में इच्छित परिणाम तक पहुंच जाते हैं। यह समाजशास्त्रीय है। यह मनुष्य को फिर से मनुष्य बनाता है। यूरोप में मार्टिन लूथर से मार्टिन लूथर किंग (जूनियर) ने विवेकवाद को उभारा। इसमें तीन बातें है- भाग्यवादी सोच पर हमला, समानता के लिए आग्रह और विवेक के आधार पर घटनाओं, दर्शन और नायकों को परखने की क्षमता का विकास। इनके समन्वय से वैज्ञानिक सोच और आलोचनात्मक दृष्टि विकसित होती है। इसकी कमी सर्वत्र महसूस की जा रही है। समाजशास्त्र, साहित्य और सुधारक की त्रिवेणी जब बहती है, तब नए दौर की शुरुआत होती है। वाल्तेयर (1694-1778) 24-1778) ने साहित्यिक लेखन से बदलाव को जन्म दिया। वे कैथोलिक चर्च की ताकत से घबराए नहीं। धर्म की आड़ में बढ़ती अराजक सोच, विभाजनकारी प्रवृत्तियों को उन्होंने निशाना बनाया। व्यक्ति की अपनी अहमियत तब दिखाई पड़ने लगी, जब वह विवेक और वैज्ञानिक सोच को अपनाने लगा। फिर भेड़चाल थमने लगती है। थामस कार्लाइल, गोर्की, टाल्सटाय जैसे अनेक नाम हैं, जिन्होंने मनुष्य की जड़ता, सोच में यथास्थितिवाद और मस्तिष्क के आलस्य को खत्म किया। यह मनुष्य को असहमत होने की ताकत देता है। असहमति तो होती है, पर मन के बाहर निकालकर सार्वजनिक करने की क्षमता नहीं होती है। लोकतंत्र में इसका केंद्रीय स्थान होता है। यह सूक्ष्म होता है, पर स्थूल के बुनियाद को हिला देता है। वैसे ही जैसे चींटी हाथी की सूंड़ में प्रवेश कर उसे बेचैन कर देती है। आंद्रेई सखारोव भौतिक विज्ञानी थे। पूर्व सोवियत संघ में उन्होंने व्यवस्था से असहमति का सवाल उठाकर उसे प्रतीकात्मक बना दिया। वे मानवाधिकार के प्रवक्ता बनकर उभरे। ठीक उसी प्रकार चेकोस्लोवाकिया में ताकतवर राजनीतिक व्यवस्था की वैधानिकता को वाकलाव हावेल की पुस्तक द पावर आफ पावरलेस ने चुनौती दी थी। आज संकट गहरा है। हमने भौतिक चमक-दमक को आधुनिक मनुष्य होने का एकमात्र विकल्प मान लिया है। मध्ययुग से आधुनिक युग में प्रवेश मनुष्य के आचरण, उसकी सोच और मस्तिष्क में परिवर्तन के कारण हुआ था। वह प्रक्रिया थम गई है। भारत में समाज सुधार और साहित्य की भूमिका तो रही है, समाजशास्त्र अपने पांवों पर कभी खड़ा ही नहीं हुआ। साहित्य ही समाजशास्त्र की कमियों को कुछ हद तक भरता रहा है। प्रेमचंद से लेकर रामधारी सिंह दिनकर की प्रगतिशील लेखनी इसके प्रमाण हैं। राजा राममोहन राय से लेकर एम जी राणाडे मनुष्य के चिंतन में बदलाव की सामाजिक पहल करते रहे। जब-जब सामाजिक-सांस्कृतिक पहल राजनीति के निकट गई, उसमें गिरावट आई।

**राकेश सिन्हा**



गणतंत्र दिवस की समस्त विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
"अज्ञानता का अंधकार मिटाएं, शिक्षा का दीप जलाएं"
चंद्रपाल ऊके
प्राचार्य
चंद्रपाल ऊके
प्राचार्य
शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय नगपुरा लालबर्रा




गणतंत्र दिवस की समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
वन व वन्यप्राणियों की सुरक्षा करना हमारा मौलिक कर्तव्य है
विजय कुमरे
परिक्षेत्र अधिकारी
एवं समस्त स्टॉफ
म.प्र. राज्य वन विकास निगम लि. लामटा परियोजना मंडल बालाघाट (लालबर्रा)
विजय कुमरे
परिक्षेत्र अधिकारी




गणतंत्र दिवस की समस्त विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
आओ शिक्षा का प्रकाश जलाएं, सभी का जीवन बेहतर बनाएं
शिवचरण मरावी
प्राचार्य
शिवचरण मरावी
प्राचार्य
शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बघोली लालबर्रा




गणतंत्र दिवस की समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
कच्ची शराब जहरीली है,
इसका सेवन करना मानव जीवन के लिये हानिकारक है।
शुभेच्छु -विकास तिवारी
बालाजी ग्रुप लालबर्रा
श्री विकास तिवारी




गणतंत्र दिवस की समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
वन व वन्यप्राणियों की सुरक्षा करना हमारा मौलिक कर्तव्य है
श्रीमती सीता भलावी
वनपरिक्षेत्र अधिकारी
एवं समस्त स्टॉफ
दक्षिण सामान्य वन मंडल लालबर्रा (बालाघाट)
श्रीमती सीता भलावी
वन परिक्षेत्र अधिकारी




गणतंत्र दिवस की समस्त विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
देश को आगे बढ़ाना है, सबको शिक्षित बनाना है
बी.पी. शर्मा
प्राचार्य
समस्त शिक्षक - शिक्षिकाएं व कर्मचारीगण
बी.पी. शर्मा
प्राचार्य
शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय अमोली (लालबर्रा)




गणतंत्र दिवस की समस्त विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
आओ मिलकर कदम बढ़ाये देश के सभी बच्चो को शिक्षित बनाये
आर.के. कटरे
प्राचार्य
एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकायें व कर्मचारीगण
आर.के. कटरे
प्राचार्य
शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरगांव (लालबर्रा)




गणतंत्र दिवस की समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
- विनीत -
बासुंतराव ढबाले सरपंच,
विष्णु कुकड़े उपसरपंच,
बसंत चौरे सचिव,
श्रीमती दीपा बिसेन
रोजगार सहायक
बासुंतराव ढबाले
सरपंच
बसंत चौरे
सचिव
एवं समस्त पंचगण व ग्राम वासी, ग्राम पंचायत बम्हनी (लालबर्रा)




गणतंत्र दिवस की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सुश्री हीना कावरे
पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष
अनुभा मुंजारे
विधायक
- विनीत -
दीपक कावरे
जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 08
जनपद पंचायत लालबर्रा।
दीपक कावरे
जनपद सदस्य




गणतंत्र दिवस की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती भोजलता बिसेन
सरपंच
विरेंद्र बिसेन
सरपंच प्रतिनिधि
खरगलाल टेंभरे
सचिव
विजय बिसेन
रोजगार सहायक
श्रीमती भोजलता बिसेन
सरपंच
खरगलाल टेंभरे
सचिव
विजय बिसेन
रोजगार सहायक
एवं समस्त पंचगण व समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत मोहगांव जाम (लालबर्रा)




गणतंत्र दिवस की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
परमिला पटले
सरपंच
अशोकनाथ बड़गुजर
उपसरपंच
बसंत चौरे
सचिव
विनीत -परमिला पटले-सरपंच,
अशोकनाथ बड़गुजर-उपसरपंच
बसंत चौरे-सचिव,
पंकज पाटिल -रोजगार सहायक
एवं समस्त पंचगण व ग्रामवासी, ग्राम पंचायत देवरी (लालबर्रा)




गणतंत्र दिवस की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अनुभा मुंजारे
विधायक
सम्राटसिंह सरस्वार
जिला पंचायत अध्यक्ष
अमीनुद्दीन हन्फी
ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लालबर्रा
-शुभेच्छु-
अमीनुद्दीन हन्फी
नगर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी
लालबर्रा, जिला बालाघाट मध्यप्रदेश




गणतंत्र दिवस की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
बलराम गौतम
सरपंच
मनोरमा खैरवार
उपसरपंच
जगराम राऊत
सचिव
महेश गायकवाड़
रोजगार सहायक
बलराम गौतम
सरपंच
श्रीमती मनोरमा खैरवार
उपसरपंच
जगराम राऊत
सचिव
महेश गायकवाड़
रोजगार सहायक
एवं समस्त पंचगण व ग्रामवासी ग्राम पंचायत मानपुर-लालबर्रा




गणतंत्र दिवस की समस्त विद्यार्थियों, अभिभावकों
एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
शिक्षा है जीवन का आधार, शिक्षा बिना सब है बेकार
श्री सनत दुबे
प्राचार्य
एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकायें
व कर्मचारीगण
श्री सनत दुबे, प्राचार्य
सांदीपनी स्कूल शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लालबर्रा




गणतंत्र दिवस की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
स्कूल चले हम...खूब पढ़े हम...
6 से 14 वर्ष का हर बच्चा
पायें अनिवार्य और मुफ्त शिक्षा
देश के वीर शहीदों को शत .. शत नमन
श्रीराम तुरकर
विकासखंड स्रोत
समन्वयक अधिकारी
श्रीराम तुरकर
विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक अधिकारी
एवं समस्त स्टॉफ, जनपद शिक्षा केन्द्र लालबर्रा




गणतंत्र दिवस की समस्त विद्यार्थियों, अभिभावकों
एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
आओ शिक्षा का प्रकाश जलाएं, सभी का जीवन बेहतर बनाएं
श्री टी.के. तुरकर
प्राचार्य
वैदिक कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल लालबर्रा
टी.के. तुरकर, प्राचार्य




गणतंत्र दिवस की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
संतोष पंचेश्वर
सरपंच
गुलाब टेकाम
सचिव
प्रवीण खैरवार
रोजगार सहायक
संतोष पंचेश्वर
सरपंच
देवीप्रसाद नागेश्वर
उपसरपंच
गुलाब टेकाम
सचिव
प्रवीण खैरवार
रोजगार सहायक
एवं समस्त पंचगण व ग्रामवासी, ग्राम पंचायत नेवरगांव-लालबर्रा




गणतंत्र दिवस की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
विजयी विश्व तिरंगा प्यारा ....
झंडा ऊंचा रहे हमारा .....
- निवेदक -
डॉ. ऋतु धुर्वे
खण्ड चिकित्सा अधिकारी
एवं समस्त स्टॉफ, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालबर्रा
डॉ. ऋतु धुर्वे
खण्ड चिकित्सा अधिकारी




गणतंत्र दिवस की समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
सोमेश्वर मोहतुरे
सरपंच
रेवनलाल आमाडारे
उपसरपंच
योगराज टेंभरे
सचिव
अखिलेश पारधी
रोजगार सहायक
सोमेश्वर मोहतुरे सरपंच, रेवनलाल आमाडारे उपसरपंच,
योगराज टेंभरे सचिव, अखिलेश पारधी रोजगार सहायक
एवं समस्त पंचगण व ग्रामवासी, ग्राम पंचायत डोकरबंदी-लालबर्रा




गणतंत्र दिवस की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती कृष्णा मानेश्वर
सरपंच
पीतम गोले
उपसरपंच
भगतराम तुलसीकर
सचिव
श्रीमती कृष्णा मानेश्वर
सरपंच
पीतम गोले
उपसरपंच
भगतराम तुलसीकर
सचिव
समस्त पंचगण व ग्रामवासी, ग्राम पंचायत छिंदलई (लालबर्रा)




गणतंत्र दिवस की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
श्री श्यामराव डोंगरे
सरपंच
आनंद ठाकरे
उपसरपंच
श्री कोमलप्रसाद कटरे
सचिव
श्री प्रेमलाल काटेकर
रोजगार सहायक
श्यामराव डोंगरे
सरपंच
आनंद ठाकरे
उपसरपंच
कोमलप्रसाद कटरे
सचिव
प्रेललाल काटेकर
रोजगार सहायक
एवं समस्त पंचगण व ग्रामवासी, ग्राम पंचायत नैतरा-लालबर्रा

# खैर की लकड़ी से भरे ट्रक पर वन विभाग ने की कार्यवाही

## मामले में आठ आरोपी गिरफ्तार ,ड्राइवर सहित पूर्व जिला पंचायत सदस्य फरार

पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।

**वारासिवनी वन विभाग के द्वारा 23 जनवरी की दरमियानी रात खैर की लकड़ी से भरे ट्रक पर लकड़ी तस्करी के संदेह पर कार्यवाही की गयी। यह कार्यवाही वन विभाग के द्वारा लगातार की जा रही निगरानी और सूचना की तस्दीक के आधार पर ग्राम बोटेझरी में की गई। मामले में पुलिस के द्वारा 10 आरोपियों के विरुद्ध वन अपराध दर्ज किया गया है जिसमें आठ आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं। तो वहीं ट्रक ड्राइवर सहित पूर्व जिला पंचायत सदस्य वन सभापति राकेश डहरवाल फरार बताए जा रहे हैं। मामले में वन विभाग के द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है, वहीं आरोपियों की रिमांड पर लिया हैं इन्हे मंगलवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।**



### यह हैं मामला

प्राप्त जानकारी के अनुसार वन विभाग को लंबे समय से खैर की लकड़ी तस्करी की सूचना मिल रही थी। जिसमें लोगों के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के जंगलों से अंधाधुन लकड़ी कटाई की जा रही थी। जिसमें पिछले कुछ समय पूर्व वन विभाग के द्वारा मोटरसाइकिल पर खैर की लकड़ी ला रहे कुछ व्यक्तियों को गिरफ्तार भी किया गया था। परंतु इस खैर की लकड़ी की तस्करी करने के लिए पूरा सिंडिकेट काम करने की सूचना विभाग को थी। जिसके चलते वन विभाग के द्वारा लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में निगरानी बनाए हुए थे। इस दौरान विभिन्न ग्राम में थोड़ी थोड़ी खैर की लकड़ी किसानों के खेतों में पड़ी हुई थी ऐसे में वन विभाग सतत निगरानी बनाए हुए था। इसी बीच वन विभाग को सूचना मिली कि खैर की लकड़ी ट्रक में भरकर कहीं ले जाए जाने वाली है। जिस पर रेंजर छत्रपाल सिंह जादौन के द्वारा वन हमले के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में गश्त की जाती रही। इसी दौरान देखा गया कि ग्राम बोटेझरी में मार्ग पर एक ट्रक खड़ा हुआ है जहां पर वन हमले ने देखा कि विभिन्न स्थानों की लकड़ी ट्रक में भरकर बाहर भेजने की योजना बनाई जा रही है। पूरे ट्रक में खैर की लकड़ी के छोटे.छोटे लट्ठे भरे हुए थे जहां अचानक वन विभाग के द्वारा दबिश देकर घेराबंदी कर उपस्थित मजदूर सुपरवाइजर हेल्पर को गिरफ्तार किया गया। वहीं लकड़ी से भरा ट्रक क्रमांक यूपी 72 ए टी 5050 को मौके पर जप्त कर उपस्थित व्यक्तियों के साथ परिक्षेत्र कार्यालय में लाया गया। जहां गिरफ्तार व्यक्तियों से पूछताछ की गई जिन्होंने पूर्व जिला पंचायत सदस्य राकेश डहरवाल कनकी निवासी के लिए कार्य करना और उन्हीं के द्वारा ट्रक भेजे जाने की बात स्वीकार की । वहीं ट्रक की जांच की गई जिसमें 11 घन मीटर करीब खैर की लकड़ी पाई गई। जिस पर वन विभाग के द्वारा 10 आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज किया गया। वहीं ट्रक ड्राइवर इमरान खान एवं कनकी निवासी राकेश डहरवाल की लगातार पताशाजी की जा रही है।

### यह आरोपी हुए गिरफ्तार

वन विभाग के द्वारा खैर की लकड़ी तस्करी के मामले में साहिल पिता इमदाद खान उम्र 24 वर्ष निवासी कौलापुर थाना रानीगंज जिला प्रतापगढ उत्तर प्रदेश, अनिल पिता महेंद्र ठाकरे उम्र 40 वर्ष निवासी सोनखार थाना चांगोटोला जिला बालाघाट, रविन्द्र पिता जैराम तरवरे उम्र 40 वर्ष निवासी चिल्लौद जिला बालाघाट, देवेंद्र पिता जयराम तरवरे उम्र 36 वर्ष निवासी चिल्लौद जिला बालाघाट ,गिरधर पिता श्रीराम गढपांडे उम्र 54 वर्ष निवासी जरामोहगांव थाना कटंगी जिला बालाघाट ,कुलदीप पिता इमरत कारसर्पे उम्र 25 वर्ष निवासी चिल्लौद जिला बालाघाट, गेंदसिंह पिता गुहा कुसराम उम्र 39 वर्ष निवासी कोटा थाना चांगोटोला जिला बालाघाट, जयपाल पिता गिरानी मर्सकोले उम्र 48 वर्ष निवासी सोनखार थाना चांगोटोला जिला बालाघाट को गिरफ्तार किया गया है। वहीं ट्रक चालक इमरान खान एवं राकेश डहरवाल कनकी निवासी फ रार है जिनकी पताशाजी की जा रही है। मामले में विभाग के द्वारा सभी 10 आरोपियों के विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 यथा संशोधित वन्य जीव संरक्षण संशोधन अधिनियम 2022 की धारा 2 की 16 गद्धए धारा 9, 39, 50, 51,52,57 एवं भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26 च, 66 क, 69 मध्यप्रदेश अभिवहन वनोपज नियम 2022 की धारा 3 के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है। इसमें गिरफ्तार आरोपियों का डिमांड लेकर पूछताछ की जा रही है। जिसमें सभी आरोपियों को मंगलवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा।

# ग्राम घोटी में परमात्मा एक सेवक कार्यक्रम सम्पन्न

## सभी धर्म जाति के रास्ते भले ही अलग अलग है किंतू मंजिल एक ही रहती है-प्रदीप जायसवाल

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** खैरलांजी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम घोटी में परमात्मा एक सेवक मंडल के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल मौजूद रहे। पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा की परमात्मा एक सहित सभी धर्म जाति के रास्ते भले ही अलग अलग हो किंतू मंजिल एक ही रहती है। आज घोटी धापेवाडा में बैनगंगा नदी पर जिले का सबसे बडा पूल



बनाकर हमने घोटी को दो प्रदेशो की राजधानी की तरह स्थापित कर दिया है। वर्तमान में डोंगरमाली से घोटी तक 14 किंमी, 14 करोड़ की चौडी पक्की सड़क का कार्य भी आधा संपन्न हो चुका है। ग्राम मेंढ़की, डोंगरमाली, बेनी, चंगेरा रेंगाटोला तक 47 किमी तक डबललेन पक्की सडक फिर से बनने के साथ ही सभी को आवागमन क्रांति 2026 का नये सिरे से अनुभव हो जायेगा। श्री जायसवाल ने कहा की सामाजिक बुराईयों व कुरूतियों के खिलाफसंस्था जवाबदेही के साथ कार्य कर रही है। नशे की प्रवत्ति का असर घरो के भीतर तक देखा जा रहा है। इस प्रवत्ति को दूर करने के लिये आत्मशक्ति का होना बेहद जरूरी है। इस अवसर पर लिखीराम बारेकर , नरेन्द्र ठकरेले ,नंदलाल बाहेश्वर , कृष्ण कुमार लिल्हारे,देवाजी पंचेश्वर, कंसलाल लिल्हारे, सालिकराम तिवडे, दशरथ कावडे, अमित येरपूडे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।





























































# जिले में 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर लोकतंत्र को सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। जिले में 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, बालाघाट के सभागार में गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मृणाल मीना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

कार्यक्रम में स्वीप आइकन श्री ज्ञानेश्वर घोड़ेश्वार, अपर कलेक्टर डी.पी. बर्मन, संयुक्त कलेक्टर राहुल नायक, डिप्टी कलेक्टर प्रदीप गौरव, एसडीएम गोपाल सोनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, बीएलओ, नए मतदाता एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने अपने संबोधन में कहा कि संविधान द्वारा 18 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक नागरिक को मतदान का अधिकार दिया गया है। अधिकारों के साथ कर्तव्यों का निर्वहन भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे न केवल स्वयं मतदान करें, बल्कि अपने आसपास के पात्र युवाओं के नाम मतदाता सूची में जुड़वाने में भी सहयोग करें।

उन्होंने बताया कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के दौरान पारदर्शिता के साथ त्रुटिरहित सूची तैयार की जा रही है, जिसमें प्रशासन की बड़ी भूमिका होती है। श्री मीना ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का अवश्य उपयोग करना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि बालाघाट जिले द्वारा मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण में किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जी.एस. धुर्वे को भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल द्वारा सम्मानित किया गया है।






पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जहां प्रत्येक मतदाता के वोट का मूल्य समान है। आज के छात्र-छात्राएं भविष्य के मतदाता हैं, इसलिए उन्हें अपने अधिकारों और कर्तव्यों को समझते हुए बिना किसी प्रलोभन के निष्पक्ष रूप से मतदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें कैसा भारत चाहिए, यह हमारे मतदान से ही तय होता है।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ ने कहा कि भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे बड़ी विशेषता सत्ता का शांतिपूर्ण हस्तांतरण है। निर्वाचन आयोग प्रत्येक मतदाता के अधिकार की चिंता करता है। उन्होंने कहा कि देश में ऐसे मतदान केंद्र भी हैं, जहां केवल एक मतदाता के लिए संपूर्ण व्यवस्थाएं की जाती हैं, इसलिए सभी नागरिकों को मतदान की प्रक्रिया में अनिवार्य रूप से भाग लेना चाहिए।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के ऑडियो संदेश से हुई। इसके पश्चात कलेक्टर मृणाल मीना ने उपस्थितजनों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई। शपथ के दौरान सभी ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा एवं निर्भीक, निष्पक्ष मतदान का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ विधानसभा क्षेत्र बैहर की श्रीमती मीनाक्षी शरणागत, श्रीमती सीमा बोपचे, विधानसभा क्षेत्र लांजी से दिनेश नारनौरे, चन्द्रकुमार वैद्य, विधानसभा क्षेत्र परसवाड़ा से राजेन्द्र पारधी, मधुसूदन चौधरी, विधानसभा क्षेत्र बालाघाट से श्रीमती ममता बिसेन, श्रीमती रीता बनोटे, वारासिवनी से धनश्याम प्रसाद चौरागढ़े, श्रीमती रोमन बंसोड़ एवं विधानसभा क्षेत्र कटंगी से रोहित कुमार लिमझा व विकास घुरसारिया को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उत्कृष्ट कार्य के लिए कम्प्यूटर आपरेटर श्रीमती स्वाति टेंभरे, किशोर एड़े, संदीप वराड़े, विजेन्द्र बड़घैया, अशोक नगपुरे, संदेश मेश्राम, विजय पटले, आशीष ठाकरे, प्रवीण नागेश्वर को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य शरद ज्योतिषी ने किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाता जागरूकता बढ़ाना एवं लोकतंत्र को और अधिक मजबूत करना रहा।

## सिहोराटोला में श्री शिव महापुराण एवं पार्थिव रूद्राभिषेक आज से

पद्मेश न्यूज। लालबर्रा। नगर मुख्यालय से लगभग 5 किमी. दूर ग्राम पंचायत सिहोरा के सिहोराटोला स्थित क्रिकेट ग्राउण्ड पानी टंकी के समीप आयोजन समिति के तत्वाधान में 26 जनवरी को श्री शिव महापुराण एवं पार्थिक रूद्राभिषेक कार्यक्रम का शुभारंभ किया जायेगा। चर्चा में आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस श्री शिव महापुराण एवं पार्थिव रूद्राभिषेक कार्यक्रम के प्रथम दिन 26 जनवरी को दोपहर 1 बजे मंगल कलश यात्रा निकाली जायेगी, 27 जनवरी को देव स्थापना, श्री शिव महापुराण माहत्म कथा, 28 जनवरी को आदि शिवलिंग की उत्तपत्ति, शिवराझी महिमा एवं शिवलिंग पूजन विधि, 29 जनवरी को नारद मोह, धनपति कुवेर का पूर्व चरित्र, विविध शिवलिंग की कथा,



30 जनवरी को संध्या देवी की कथा, सति चरित्र, शिव सति विवाह, 31 जनवरी को पार्वती जी का प्राकटय महोत्सव, श्री शिव पार्वती विवाह महोत्सव, 1 फरवरी को पार्वती को पतिवृत धर्म का उपदेश, तारकासुर की कथा, कार्तिकेय, श्री गणेश प्राकटय महोत्सव, 2 फरवरी को त्रिपूशर वध, जालंधर, प्रदोष वृत की महिमा, 3 फरवरी को द्वारश 'योतिर्लिंग महात्मय, बेलपत्र अरचक, 4 फरवरी को शिवजी के विविध अवतारों की कथा एवं उपसंहार पर कथावाचक श्रीधाम वृंदावन से पधारे आचार्य पंडित दिवाकर जी महाराज के द्वारा प्रतिदिन प्रात: 8 बजे से 10.30 बजे तक मूल पाठ, नित्य रूद्राभिषेक, दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक भगवान भोलेनाथ के जीवन गाथाओं पर संगीतमय प्रवचन दिया जायेगा। वहीं 4 फरवरी को प्रात: 9 बजे से 11 बजे तक कथावाचन जारी रहेगा तत्पश्चात हवन-पूजन प्रारंभ होगा, जिसके बाद महाप्रसादी का वितरण किया जायेगा। इस अवसर पर क्षेत्रीयजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं ग्रामीणजनों ने की है।

## नशा हटाओ सिंदूर बचाओं की बैठक संपन्न

### बेटे एवं सुहागिन के सिंदूर बचाने शराब बंदी करें सरकार-ईश्वर उमरे

पद्मेश न्यूज। वारासिवनी। वारासिवनी। नगर के वार्ड नंबर 5 स्थित सामुदायिक भवन में 25 जनवरी को नशा हटाओ सिंदूर बचाओ अभियान की बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक बेटा बजाओ अभियान राष्ट्रीय अध्यक्ष ईश्वर उमरे ,राष्ट्रीय सचिव 'योति उमरे सहित गणमान्य महिलाओं की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। जिसमें नशा हटाओ सिंदूर बचाओ एवं बेटा बचाओ अभियान के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा कर जानकारी दी गई। वहीं नशा किस प्रकार से आज हमारे समाज और परिवार को बर्बाद कर रहा है इस पर भी प्रकाश डालते हुए विस्तार पूर्वक बताया गया। वहीं कार्यक्रम के अंत में महिलाओं के द्वारा नशे के खिलाफ आंदोलन का संकल्प लिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ईश्वर उमरे में चर्चा में बताया कि हमारा एक बेटा बचाओ अभियान चलता है। जिसमें हम बेटों को बचाने की अपील करते हैं कि नशा मोबाइल और तेज मोटरसाइकिल जैसी चीजों से उन्हें बचाया जाए। आज छोटे छोटे ब'चे नशे के आदी हो रहे हैं। अभी हम देख रहे हैं कि बहुत 'यादा महिलाएं अपने पति के नशे करने की आदत से परेशान है । ऐसे में राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नशा हटाओ सिंदूर बचाओ अभियान हमारे द्वारा प्रारंभ किया जा रहा है । जिसके 1 वर्ष होने पर भोपाल में भव्य आंदोलन कर बैठे एवं सिंदूर को बचाने नशा बंद करने की मांग को लेकर किया जाएगा। अभी जिला स्तर पर यह आयोजन होना है जिसके लिए ब्लॉक स्तर पर बैठक का दौर चालू है। वारासिवनी में भी हमने बैठक की जहां बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित हुई और उन्होंने संकल्प लिया है । हम चाहते हैं कि सरकार शराब बंदी करें सरकार कहती है कि शराब से राजस्व यानी आय प्राप्त होती है । यदि आप देखे तो शराब से 12000 करोड़ रुपये प्राप्त होते हैं तो वहीं लाडली बहना में सरकार 18000 करोड रुपये बांट देती है। ऐसे में सरकार नशाबंदी करने में सक्षम है इसलिए सरकार ने नशाबंदी कर लाडली बहनाओं को रुपये देने की जगह उनके सिंदूर को बचाना चाहिए। इस दौरान जिला अध्यक्ष सरिता भीमटे, जिला प्रवक्ता रेशमा कुंभरे, ब्लॉक प्रभारी ललीता गजबे,लक्ष्मी हेडाऊ, 'योति राऊत, मनीषा वाघाडे,स्वाती तिरपुडे, सुधा भोंडे, प्रीति येरपुडे, संध्या चौधरी, पिंकी गौरे, नेहा पटले, प्रमीला वातगुणेर, दिव्या नेवारे, जयंती बिसेन, मलती नागोशे, लक्ष्मी पटले, शांति विश्वकर्मा, मनीषा पिपरेवार, मीनाक्षी मिश्रा, विजेता सोनेकर सहित अन्य महिलायें मौजूद रही।



## महिला क्रिकेट की जिला टीम का चयन हुआ

### 22 महिला खिलाड़ियों का चयन,कर जारी की गई सूची : 1 फरवरी को उत्कृष्ट ग्राउंड में होगा अभ्यास मैच

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। रविवार को नगर के उत्कृष्ट विघालय मैदान में जिला स्तरीय महिला क्रिकेट चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।खेलो एमपी यूथ गेम के तहत आयोजित इस जिला स्तरीय खिलाड़ी चयन प्रतियोगिता के दौरान जिले के सभी 10 ब्लाकों से बालाघाट पहुंची करीब 28 बालिका खिलाड़ियों में से 22 बालिका खिलाड़ियों का चयन, उनके उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के आधार पर किया गया। इसके उपरांत चयन समिति द्वारा जिला स्तरीय टीम बनाई गई।बताया गया कि इस टीम का अभ्यास मैच 1 फरवरी को नगर के उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में आयोजित प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से पहुंचने वाली टीमों के मध्य कराया जाएगा। इसके उपरांत 7 फरवरी को यह टीम जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जबलपुर रवाना होगी,जहां जबलपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों की टीमों के मध्य क्रिकेट प्रतियोगिता कराई जाएगी। जिसमें उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के आधार पर यदि जिले की टीम सिलेक्ट होती है तो फिर आगामी समय में आयोजित होने वाली संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में जिले की इस महिला टीम को खेलने का अवसर प्राप्त होगा।

### महिला टीम में इन्हें मिला स्थान

नगर के उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में आयोजित इस चयन प्रतियोगिता में ,महिला खिलाड़ियों के उत्कृष्ट खेल के प्रदर्शन के आधार पर अंजली कनोने, करिश्मा माहुले, भूमि यादव, अश्विनी ओघरे, रानी उयके, प्रियंका उयके, अक्सा कुरैशी, द्रोपती उईके, पुष्पा पांचे, प्रियंका पांचे, प्राची दिवान, अवनी गढ़पाल ,जुही यादव, शालू कनोजे, दीपमाला उयके, रितु मेरावी, आरची बिसेन ,शिखा परते, लावन्या अजीत, और सावली सुलाखे सहित अन्य 2 महिला खिलाड़ियों का चयन किया गया है।इस दौरान प्रमुख चयनकर्ताओं के रूप में वरिष्ठ अजय शुक्ला, संदीप बिमटे, संभागीय चयनकर्ता सलीम अंसारी उपस्थित रहे।जहा जिला क्रिकेट संघ सचिव निशांत मिश्रा के निर्देशन पर यह चयन प्रक्रिया सम्पन्न की गई।



## जिला तेली महिला साहू समाज की कार्यकारिणी का विस्तार और हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम सम्पन्न

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। जिला तेली महिला साहू समाज द्वारा रविवार को महिला मिलन समारोह और हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्थानीय बस स्टैंड समीप स्थित सार्वजनिक धर्मशाला में संपन्न हुआ। कार्यक्रम दोपहर 1 बजे से प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला तेली साहू समाज के अध्यक्ष राजेंद्र मानवटकर, विशिष्ट अतिथि समाज के संरक्षक नारायण मदनकर शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष ज्ञानेश्वरी भोंगाड़े ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ माता कर्मा और संत जगनाड़े महाराज के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजन-अर्चन और आरती कर किया गया।वही कार्यकारिणी का विस्तार किया गया ।जिसके उपरांत महिला कार्यकारिणी में पदाधिकारियो की नियुक्ति की गई।इस दौरान महिलाओं ने आपसी संवाद कर समाज को आगे बढ़ाने के लिए विचार-विमर्श भी किया। सभी महिलाओं ने समाज विकास के लिए हरसंभव अपना सहयोग देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार एक-दूसरे को हल्दी-कुमकुम लगाकर सुख, समृद्धि और दीर्घायु की कामना की। कार्यक्रम में आपसी मेल-मिलाप, सामाजिक सौहार्द और सांस्कृतिक परंपराओं का सुंदर समावेश देखने को मिला।इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं और पुरुष उपस्थित रहे।



### इन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी

जिला तेली महिला साहू समाज कार्यकारिणी में जिला अध्यक्ष ज्ञानेश्वरी भोंगाड़े, उपाध्यक्ष सुनीता मानवटकर, श्यामलता सेलोकर, सचिव ममता बावनकर, कोषाध्यक्ष संध्या समरित, मीडिया प्रभारी दुर्गा साकुरे, माया लेंडे, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी कमला बावनकर, अभिलाषा मदनकर, सदस्यता संगठन प्रभारी सरोज ढोबले, निर्मला बावनकर, मंजू बावनकर, लक्ष्मी समरिते को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा वरिष्ठ सलाहकार सदस्यों में ममता साहू, रजनी साहू, अनिता साहू, सतन उराड़े, कोर कमेटी सदस्य में विनिता भूरेकर, अनुसया पाटिल, सावित्री लांजेवार, कंचन हटवार, सुनैना अगासे, रश्मि सातपुते, कीर्ति साहू, वैशाली आंबिलकर, भीमलेश्वरी राजगिरे, सुनीता उराड़े को शामिल किया गया है।

### समाज मे महिलाए निभाती है दोहरी जिम्मेदारी-मानवटकर

समाज के जिला अध्यक्ष राजेंद्र मानवटकर ने कहा कि इस देश में महिला सर्वशक्तिमान है। हमारी सृष्टि शुरु से ही पुरुष प्रधान रही है, देवताओं के काल से लेकर मानव समाज तक पुरुषों ने ही नेतृत्व किया है। लेकिन इसमें महिलाओं ने जब-जब योगदान दिया है तो इसको गति मिली है और विकास हुआ है। समाज में महिलाएं दोहरी जिम्मेदारी निभाती है। घर के कार्यों से लेकर बाहर के कार्यों को भी पूरा करती है। अब महिलाओं को अपने समाज को आगे बढ़ाना है। इसके लिए सभी को संगठित होने की आवश्यकता है। जब तक महिलाएं आगे नहीं बढ़ेगी, तब तक समाज आगे नहीं बढ़ पाएगा। आज समाज की जिन महिलाओं को जिम्मेदारी मिली हैं, वे भी अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझकर आगे आकर सामज के विकास, उत्थान के लिए कार्य करें।

### समाज विकास के लिए महिलाओ का सामने आना जरूरी-भोंगाड़े

महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष ज्ञानेश्वरी भोंगाड़े ने कहा कि महिलाओं को अब एकजुट होने, मानसिकता में बदलाव लाने और समाज के लिए आगे आने की जरुरत है। जब तक महिलाएं आगे नहीं आएगी, तब तक समाज को विकास संभव नहीं है। आज समाज की कार्यकारिणी का विस्तार कर महिलाओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे निर्वहन करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वह अकेली समाज के लिए कुछ नहीं कर सकती। इसके लिए समाज की महिलाओं को आगे आना पड़ेगा। इसके अलावा उन्होंने अनेक बातें कही।

### समाज की उन्नति में मिलेगा योगदान- मदनकर

समाज के संरक्षक नारायण मदनकर ने कहा कि समाज के जिस पौधे को हम मुरझा हुआ देख रहे थे, अब उसमें जान आ गई है, यह पौधा न केवल बड़ा होगा। बल्कि फलेगा, फूलेगा और छाया भी देगा। समाज में महिला प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी ऐसे व्यक्तित्व को सौंपी गई है, जिनके प्रयासों से महिलाओं की संख्या सामाजिक कार्यक्रमों में बढने् लगी है।

## जनपद पंचायत में जनपद अध्यक्ष करेंगी ध्वजारोहण

पद्मेश न्यूज। लालबर्रा। नगर मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में 26 जनवरी को राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। तत्संबंध में जानकारी देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी चंदरसिंह मंडलोई ने बताया कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रात: 7.30 बजे जनपद पंचायत में जनपद अध्यक्ष श्रीमती देवीलता ग्वालवंशी के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण कर सलामी दी जायेगी एवं राष्ट्रगान का गायन किया जायेगा तत्पश्चात श्रीमती ग्वालवंशी के द्वारा मुख्यमंत्री संदेश का वाचन किया जायेगा। जिसके बाद प्रात: 8.45 बजे नगर मुख्यालय के हृदयस्थल बस स्टेंड स्थित गांधी मंच में जनपद उपाध्यक्ष किशोर पालीवाल के हस्ते ध्वजारोहण किया जायेगा। श्री मंडलोई ने बताया कि 26 जनवरी को प्रात: 7.30 बजे समस्त ग्राम पंचायतों, विभागीय कार्यालयों एवं शासकीय-अशासकीय शैक्षणिक संस्थाओं में ध्वजारोहण किया जायेगा।



## कटंगी के विजेता खिलाड़ी खेलो एम.पी राज्य स्तर की प्रतियोगिता में होंगे शामिल

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। संचनालय खेल एवं कल्याण विभाग भोपाल, जिला प्रशासन और बालाघाट जिला खेल अधिकारी राहुल बरेसा के मार्गदर्शन में सभी विकासखंड में खेलो एम पी यूथ गेम का ट्रायल आयोजित किया गया। जिसमें विकासखंड कटंगी अनु विभागीय अधिकारी कैलाश चंद्र ठाकुर, और राजा भोज महाविद्यालय प्राचार्य के सहयोग से खेलो एमपी यूथ गेम का ट्रायल 15 जनवरी को ब्लॉक युवा समन्वयक संतोष पारधी तथा फुटबॉल प्रशिक्षक जितेंद्र अहिरवार द्वारा तिरोड़ी तथा राजा भोज महाविद्यालय कटंगी में आयोजित करवाया गया। जिसमें विभिन्न खेल सम्मिलित थे,कबड्डी, वॉलीबॉल, फुटबॉल बैडमिंटन, शतरंज, एथलेटिक्स खेल दौड़ 100 मीटर 200 मीटर 400 मीटर 800 मी 1000 मीटर 1500 मी 3000 मी लॉन्ग जंप ,हाई जंप गोला फेक भला फेक, योगा इन सभी खेलों में चयनित खिलाड़ी द्वारा जिलास्तर पर 16 जनवरी से लेकर 19 जनवरी तक अपनी प्रतिभागिता की




गई जिसमें प्रथम विजेता खिलाड़ियों द्वारा 20 जनवरी से लेकर 24 जनवरी तक संभाग स्तर की प्रतियोगिता मे प्रतिभागिता की गई ।जहा प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी द्वारा 27 जनवरी से 31 जनवरी तक राज्य स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभागिता की जाएगी। बालाघाट विकासखंड कटंगी से खेलो एमपी यूथ गेम राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ी एथलेटिक्स खेल बालक वर्ग में प्रथम 3000 मीटर दौड़ में दीपांशु नागोसे, बालिका वर्ग में प्रथम स्थान800 मीटर दौड़ संतोषी गुरु 200 मीटर दौड़ प्राची कोकोटे, 400 मीटर दौड़,शालिनी वट्टी तथा शतरंज खेल में मंनतशा खान द्वारा भोपाल तथा नर्मदा पुरम खेल में आयोजित होने वाले खेलो एमपी यूथ गेम राज्य स्तर प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। खेलो एमपी यूथ गेम में भाग लेने वाले विजेता खिलाड़ियों को जिला खेल विभाग,के ,समस्त पदाधिकारी एवं शासकीय कन्या माध्यमिक शाला प्रधान पाठक एम,एल भलावी, लक्ष्मी मेरावी तथा समस्त स्टाप, अभिभावक, द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं तथा बधाई दी गई।

# रुपये के लेनदेन को लेकर विवाद, लाठी से हमला, युवक गंभीर रूप से घायल

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। ग्रामीण थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कटंगी के आवास टोला में रुपये के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में एक युवक को लाठी से हमला गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायल युवक अनिल सोनवाने पिता चेतन सोनवाने 30 वर्ष आवास टोला ग्राम कटंगी निवासी को उपचार के लिए जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनिल मजदूरी करता है और अपनी मां के साथ रहता है। उसी मोहल्ले में अर्जुन वैष्णव अपनी मां चंद्रकला मेश्राम के साथ में रहता है ।बताया गया है कि कुछ माह पूर्व मोहल्ले में रहने वाली चंद्रकला मेश्राम ने अनिल को हैदराबाद मजदूरी पर जाने के लिए टिकट के नाम पर 1000 रुपये दिए थे। अनिल ने हैदराबाद से लौटने के बाद राशि वापस करने का आश्वासन दिया था, लेकिन लौटने के बावजूद वह रुपये नहीं लौटा रहा था और लगातार टालमटोल कर रहा था ।25 जनवरी



की शाम करीब 5 बजे, जब अनिल अपने टोले से घर लौट रहा था, तभी चंद्रकला मेश्राम ने उससे रुपये की मांग की। इसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर चंद्रकला के पुत्र अर्जुन मेश्राम ने आवेश में आकर अनिल पर लाठी से हमला कर दिया। लाठी का वार सिर में लगने से अनिल गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव किया और घायल को डायल 112 की मदद से जिला अस्पताल बालाघाट पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार किया जा रहा है।

घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण थाना से सहायक उप निरीक्षक जगदीश सैयाम जिला अस्पताल पहुंचे और घायल अनिल सोनवाने व उसके परिजनों से घटना के संबंध में पूछताछ कर बयान दर्ज किए। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# चलती मोटरसाइकिल से गिरने से महिला घायल, गोद में रहा एक वर्षीय मासूम बाल-बाल बचा

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। जिले के सोनवानी पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चालीसबोड़ी के समीप शनिवार को एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि उसकी गोद में मौजूद एक वर्षीय मासूम बच्चा सुरक्षित बच गया। घायल महिला



शशिकला पति अनिल वरकडे 25 वर्ष ग्राम उस्काल चक निवासी है। जिसे जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शशिकला अपने पति के साथ खेती मजदूरी कर जीवन यापन करती है। उसका पति अनिल वरकडे वर्तमान में मजदूरी के सिलसिले में नागपुर गया हुआ है। 25 जनवरी को शशि कला के मायके ग्राम कसंगी में मेला था ।शशिकला अपने एक वर्षीय पुत्र प्रवीण वरकडे के साथ मायके जाने की तैयारी में थी ।शशिकला को लेने के लिए उसका भाई अजय मड़ावी मोटरसाइकिल से उस्काल चक पहुंचा था। दोपहर करीब 3 बजे अजय मड़ावी अपनी बहन शशिकला और उसके पुत्र प्रवीण को मोटरसाइकिल पर बैठाकर कसंगी की ओर रवाना हुआ। इस दौरान शशिकला ने अपने बेटे को गोद में ले रखा था ।ग्राम चालीसबोड़ी के पास सड़क पर पड़े पत्थर के ऊपर से मोटरसाइकिल गुजरते समय असंतुलित हो गई और उछल गई, जिससे शशिकला चलती मोटरसाइकिल से गिर पड़ी। गिरने के दौरान उसका बेटा भी उसकी गोद में था, लेकिन सौभाग्यवश बच्चे को कोई चोट नहीं आई ।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल शशिकला को पुलिस वाहन से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती कराया गया ।जहां उसका उपचार जारी है।

# कलेक्टंर, एसपी ने जी आर घोड़ेश्वर के वाद्य यंत्र संग्रहालय का किया अवलोकन

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। आज शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, बालाघाट के सभागृह में 16 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस कार्यक्रम के पश्चात कलेक्टर मृणाल मीणा, पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ एवं एसडीएम गोपाल सोनी ने स्वीप आइकन श्री जी.आर. घोड़ेश्वर के निवास पर स्थापित वाद्य यंत्र संग्रहालय का अवलोकन किया। संग्रहालय में संकलित पारंपरिक एवं दुर्लभ वाद्य यंत्रों का परिचय घोड़ेश्वर के बड़े पुत्र प्रमोद कुमार घोड़ेश्वर एवं बड़ी बहू श्रीमती रज्जू घोड़ेश्वर द्वारा कराया गया।

अधिकारियों ने संग्रहालय में रखे अनेक पारंपरिक वाद्य यंत्रों को स्वयं बजाकर देखा एवं उनकी ध्वनि और ऐतिहासिक महत्व की सराहना की। सभी अधिकारियों ने घोड़ेश्वर के इस अनूठे प्रयास की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। इस अवसर पर श्री जी.आर. घोड़ेश्वर ने अपने द्वारा संकलित पारंपरिक



वाद्य यंत्रों को शासन को हस्तांतरित कर एक पृथक एवं विशिष्ट संग्रहालय स्थापित किए जाने की अपील की। इस पर उपस्थित अधिकारियों ने इस पहल की सराहना करते हुए आवश्यक अग्रिम कार्यवाही का आश्वासन दिया तथा कहा कि यह संग्रहालय भारतीय संस्कृति और लोक विरासत की अमूल्य धरोहर है।

# गुवाहाटी में भारत का दमदार प्रदर्शन, न्यूजीलैंड को 8 विकेट से हराकर टी20 सीरीज पर किया कब्जा

गुवाहाटी। भारत ने गुवाहाटी के बारासापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए तीसरे टी20 मैच में न्यूजीलैंड को 8 विकेट से करारी शिकस्त देकर सीरीज अपने नाम कर ली। भारतीय बल्लेबाजों की आक्रामक और आत्मविश्वास से भरी बल्लेबाजी के सामने कीवी टीम पूरी तरह बेबस नजर आई। अभिषेक शर्मा की तूफानी पारी, सूर्यकुमार यादव की शानदार बल्लेबाजी और ईशान किशन की तेज शुरुआत ने भारत की जीत को आसान बना दिया।

154 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया की शुरुआत हालांकि झटके के साथ हुई। पारी की पहली ही गेंद पर संजू सैमसन मैट हेनरी की गेंद पर बोल्ड हो गए। इसके बाद ईशान किशन ने जिम्मेदारी संभाली और शुरू से ही आक्रामक तेवर दिखाए। ईशान ने केवल 13 गेंदों में 3 चौके और 2 छक्कों की मदद से 28 रन बनाए। उन्हें ईश सोढ़ी ने मार्क चैपमैन के हाथों कैच आउट कराया, लेकिन तब तक भारत का स्कोर 50 के पार पहुंच चुका था।

ईशान के आउट होने के बाद अभिषेक शर्मा ने मैदान पर आते ही न्यूजीलैंड के गेंदबाजों पर हमला बोल दिया। अभिषेक ने मात्र 14 गेंदों में अर्धशतक पूरा कर लिया और दर्शकों



को रोमांचित कर दिया। सातवें ओवर में ही भारत का स्कोर 100 रन के पार पहुंच गया। अभिषेक ने 68 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जबकि उनके साथ क्रीज पर मौजूद सूर्यकुमार यादव ने भी बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 6 चौके और 3 छक्कों की मदद से 57 रन बनाए। भारत ने लक्ष्य को बेहद आसानी से हासिल कर लिया।

इससे पहले न्यूजीलैंड की टीम बल्लेबाजी में संघर्ष करती नजर आई। पहले ही ओवर में हर्षित राणा ने डेवोन कॉन्वे को आउट कर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। हार्दिक पांड्या ने उनका शानदार कैच लपका। कॉन्वे सिर्फ 1 रन ही बना सके। दूसरे ओवर में हार्दिक ने रचिन रवींद्र को पवेलियन भेजा, जबकि जसप्रीत बुमराह ने अपने पहले ओवर में टिम सेफर्ट को बोल्ड कर दिया। पावरप्ले में ही न्यूजीलैंड के तीन बल्लेबाज आउट हो गए।

इसके बाद मार्क चैपमैन और ग्लेन फिलिप्स ने पारी को संभालने की कोशिश की और दोनों के बीच अच्छी साझेदारी हुई। 10 ओवर के बाद न्यूजीलैंड का स्कोर 75 रन पर 3 विकेट था। 12वें ओवर में रवि विश्नोई ने चैपमैन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। चैपमैन ने 32 रन बनाए। डेरिल मिचेल भी ज्यादा देर टिक नहीं सके। कप्तान मिचेल सैंटनर ने 27 रन जरूर बनाए, लेकिन पूरी टीम 20 ओवर में 153 रन ही बना सकी।

भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने 3 विकेट झटके, जबकि हार्दिक पांड्या और रवि विश्नोई को 2-2 सफलता मिली। हर्षित राणा ने भी 1 विकेट अपने नाम किया।

# टी20 विश्वकप से बाहर होने से बांग्लादेश को होगा भारी नुकसान

मुम्बई। बांग्लादेश ने इस बार आईसीसी टीम20 विश्वकप के लिए अपनी टीम भेजने से इंकार तो कर दिया है पर ये फैसला उसके लिए आर्थिक रुप से भी बेहद नुकसान दायक रहेगा। इससे जहां उसपर प्रतिबंध सहित कई और खतरे मंडरा रहे हैं। वहीं उसक खिलाड़ियों को भी काफी नुकसान हुआ है और वे एक अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट से वंचित हो गये हैं। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार बांग्लादेशी खिलाड़ी टूर्नामेंट में खेलने के पक्ष में थे, लेकिन उनसे इस फैसले पर कोई चर्चा नहीं की गई। भारत न जाने का निर्णय पूरी तरह सरकार और बोर्ड स्तर पर लिया गया, जिससे खिलाड़ी खुद को



उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। जहां तक आर्थिक नुकसान की बात है।

विश्वक कप से बाहर होने के बाद बांग्लादेश को केवल ग्रुप स्टेज की भागीदारी फीस के तौर पर ही 3 लाख से 5 लाख डॉलर (करीब 3.6 से 6.7 करोड़ बांग्लादेशी मुद्रा टका) का नुकसान हो सकता है। इसके अलावा आईसीसी के मेंबर पार्टिसिपेशन एग्रीमेंट (एमपीए) के तहत बिना ठोस कारण टूर्नामेंट में हिस्सा न लेने के लिए उसपर करीब 24 करोड़ टका तक का जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

इसके अलावा, बांग्लादेश को टूर्नामेंट के राजस्व में भी हिस्सा नहीं मिलेगा। जिससे उसे करीब 2.7 करोड़ डॉलर (325ङ्क330 करोड़ टका) का नुकसान हो सकता है। यह रकम बीसीबी की सालाना आय का लगभग 60 फीसदी है। इसके अलावा खिलाड़ियों के अंतरराष्ट्रीय ब्रांड अनुबंध भी खतरे में हैं। भारतीय खेल उपकरण निर्माता कंपनियों भी उसके खिलाड़ियों के साथ करार समाप्त करने विचार कर रही हैं।

# उकवा में पेट्रोल से चूल्हा जलाते समय युवक झुलसा, जिला अस्पताल में भर्ती

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। जिले के रूपझर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उकवा में शुक्रवार शाम एक युवक पेट्रोल से चूल्हा जलाते समय चूल्हे में भड़की आग की चपेट में आकर झुलस गया। घटना में युवक के दोनों हाथ और सीने का हिस्सा झुलझ गया ।युवक हर्षित पिता संजय झारिया 20 वर्ष को उकवा से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती कराया गया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम उकवा निवासी हर्षित कबाड़ी का कार्य करता है। शुक्रवार की शाम करीब 5 बजे हर्षित अपने घर में चूल्हा जला रहा था। चूल्हा न जलने पर उसने उसमें पेट्रोल डाल दिया, लेकिन इसके बावजूद आग नहीं लगी। इसके बाद जैसे ही उसने दोबारा चूल्हे में पेट्रोल डाला, अचानक आग भड़क उठी और हर्षित उसकी चपेट में आ गया ।आग की लपटों से हर्षित के दोनों हाथ एवं सीने का हिस्सा झुलस गया। हर्षित की चीख-पुकार सुनकर उसकी पत्नी मौके पर पहुंची और तत्काल पानी डालकर आग बुझाई, जिससे बड़ा हादसा टल गया ।घायल हर्षित को परिजन तत्काल उपचार के लिए उकवा के स्थानीय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल बालाघाट रेफर कर दिया गया है। फिलहाल युवक का उपचार जारी है।

# मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण में उत्कृष्ट कार्य के लिए उप जिला निर्वाचन अधिकारी भोपाल में सम्मानित

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण-2026 के दौरान उत्कृष्ट कार्य के लिए बालाघाट के अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जी एस धुर्वे को भोपाल में 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल मंगूभाई पटेल द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। कुभाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भोपाल में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्य सचिव श्री अनुराग



जैन एवं मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री संजीव कुमार झा भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए अधिकारियों को निर्वाचन कार्यों में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। श्री धुर्वे द्वारा मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य को पारदर्शी, त्रुटिरहित एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न कराए जाने की सराहना की गई। इस उपलब्धि से बालाघाट जिले का नाम प्रदेश स्तर पर गौरवान्वित हुआ है।

# शीतकालीन ओलंपिक के लिए दो खिलाड़ियों के चयन पर रोक, 27 जनवरी को होगी अगली सुनवाई

नई दिल्ली। शीतकालीन ओलंपिक के लिए दो खिलाड़ियों के चयन का मामला अदालत पहुंच गया है। दिल्ली हाईकोट ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए इटली के मिलान और कोर्टिना में होने वाले शीतकालीन ओलंपिक खेलों के लिए दो खिलाड़ियों के चयन पर रोक लगा दी है। अदालत के फैसले के बाद भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की तदर्थ समिति ने चयन रोक दिया है। इस मामले की अगली सुनवाई 27 जनवरी को होगी।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने चयन प्रक्रिया पर रोक लगाते हुए अंतिम निर्णय को लंबित कर दिया है। इससे पहले दिल्ली उच्च न्यायालय में दायर याचिका में क्रॉस-कंट्री स्कीयर मंजीत ने 2026 शीतकालीन ओलंपिक के लिए क्रॉस-कंट्री स्कीइंग स्पर्धा में स्टांजिन लुंडुप का नाम भेजे जाने के आईओए के फैसले को चुनौती दी थी। मंजीत का तर्क था कि अंतरराष्ट्रीय स्की और स्नोबोर्ड महासंघ (एफआईएस) की रैंकिंग में ऊपर होने के बावजूद उन्हें नजरअंदाज किया गया है। उन्होंने याचिका में चयन प्रक्रिया में गलतियों के साथ ही हितों के टकराव का मामला भी बताया। यह चयन आईओए द्वारा स्की एंड स्नोबोर्ड इंडिया के संचालन के लिए गठित तदर्थ समिति ने किया था। भारतीय ओलंपिक संघ ने छह से 22 फरवरी के बीच होने वाले 2026 शीतकालीन ओलंपिक खेलों के लिए दो कोटे हासिल किए हैं। इनमें से पहला कोटा अल्पाइन स्कीयर आरिफ खान ने अपनी विश्व रैंकिंग के आधार पर हासिल किया था ।आरिफ खान 2022 शीतकालीन ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी थे। अदालत की एकल पीठ ने अपने आदेश में कहा, 卐आगामी ओलंपिक शीतकालीन खेल के लिए खिलाड़ियों के नामों का चयन या भेजा जाना इस याचिका के फैसले के आधार पर होगा। 卐याचिका में मंजीत ने आरोप लगाया कि कि पात्रता मानदंडों के अनुसार वह एफआईएस रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर थे, इसके बाद भी स्टांजिन का नाम आगे भेज दिया गया।

# अल्काराज और सबालेंका ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

मेलबर्न । सर्बिया के कार्लोस अल्काराज और एरिना सबालेंका जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गये हैं। अल्काराज ने पुरुष एकल में अमेरिका के टॉमी पॉल को 7-6 (6), 6-4, 7-5 से हरा दिया। इस मुकाबले में अल्काराज ने कोई डबल-फॉल्ट नहीं किया। मैच के बाद अल्काराज ने कहा, यह कड़ा मैच था और सीधे सेटों में जीत हासिल करके मैं बहुत उत्साहित हूं। मेलबर्न पार्क में अपने पहले चार मैचों में मैंने जिस तरह सर्विस की, उससे मैं खुद काफी प्रभावित हूं।अल्काराज का मुकाबा अब क्वार्टर फाइनल में स्थानीय पसंदीदा एलेक्स डी मिनौर और एलेक्जेंडर बुब्लिक के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा, ।



वहीं महिला एकल वर्ग में बेलारुस की एरिना सबालेंका ने कनाडा की नंबर 17 खिलाड़ी विक्टोरिया एमबोको को आसानी से 6-1, 7-6 (1) से हराया। पहले सेट में सबालेंका हावी रही पर दूसरे सेट में एमबोको ने अच्छा खेल दिखाया और मैच टाईब्रेक तक पहुंच गया। सबालेंका टाईब्रेक में हावी रहीं ओर उसने मैच अपने नाम कर लिया।

सबालेंका ने मैच के बाद एमबोको की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि उसने मेरे सामने कड़ी चुनौती पेश की। मुझे खुशी है कि मैं मैच जीतने में सफल रही। सबालेंका ने साल 2023 और 2024 में ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं और पिछले साल मैडिसन कीज़ के खिलाफ उपविजेता रहीं। इसके अलावा उन्होंने अमेरिकी ओपन में भी दो खिताब अपने नाम किए हैं।

# जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में 400 मैच जीतकर बनाया रिकार्ड

मेलबर्न । सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में नीदरलैंड के बोटिक वैन को हराकर अपना 400 वां मैच जीता। इस जीत के साथ ही जोकोविच ने स्विटजरलैंड के महान खिलाड़ी रोजर फेडरर के 400 मैच जीत के रिकार्ड की बराबरी कर ली है। जोकोविच ने दो घंटे से भी अधिक समय तक चले मैच में डच खिलाड़ी के खिलाफ 6ङ्क3, 6ङ्क4, 7ङ्क6(4) से जीत हासिल की। इस जीत के साथ ही विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में 102 मैच जीतने के फेडरर के रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली।

# ओसाका ऑस्ट्रेलियाई ओपन से हटी

मेलबर्न । चार बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन जापान की नाओमी ओसाका ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट से हट गयी हैं। ओसाना ने फिटनेस को लेकर आ रही परेशानियों के कारण तीसरे दौर के मैच से पहले ही बाहर होने की घोषणा कर दी। ओसका के इस मैच में नहीं उतरने से ऑस्ट्रेलियाई क्वालिफायर मैडिसन इंग्लिस आसानी से अगले दौर में पहुंच गयीं। ओसाका ने अपने बाहर होने की जानकारी सोशल मीडिया पर देते हुए कहा कि उन्हें पूरी तरह से फिट होने के लिए इलाज की जरूरत है। उन्होंने साथ ही कहा, मैं आगे बढ़ने के लिए बहुत उत्साहित थी पर मुझे न चाहते हुए भी बाहर होने का फैसला लेना पड़ा। ओसाका ने कहा कि उन्हें पेट के बाईं ओर दर्द था। उन्होंने कहा, यह चोट पहले भी हो चुकी है, मैंने पिछला मैच दर्द के साथ खेला। आज अभ्यास के दौरान दर्द ज्यादा बढ़ गया। मुझे इसकी जांच करवानी होगी। ओसाका ने यह भी कहा कि गर्भावस्था के बाद उनके शरीर में बदलाव आए हैं, इसलिए उन्हें सावधानी रखनी होगी। ओसाका बेटी के जन्म के बाद सला 2024 में वापस प्रतिस्पर्धी टेनिस में लौटी और पिछले साल अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल तक पहुंचीं थी।

# टी20 विश्वकप के लिए पाकिस्तान टीम घोषित, आगा करेंगे कप्तानी

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अगले माह होने वाले टी20 विश्वकप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। टीम की कप्तानी सलमान आगा को दी गयी है। टीम में अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम को शामिल किया गया है हालांकि तेज गेंदबाज हारिस रऊफ और विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को शामिल नहीं किया गया है। बाबर और रिजवान का प्रदर्शन हाल में अच्छा नहीं रहा है। ये दोनो ही बिग बैश लीग (बीबीएल) में भी असफल रहे। टी20 विश्वकप भारत और श्रीलंका में सात फरवरी से शुरु होगा। इसमें पाक टीम अपने सभी मैच श्रीलंका में खेलेगी। पाकिस्तान टीम ग्रुप ए में भारत, नीदरलैंड्स, अमेरिका और नामीबिया के साथ है। पाकिस्तान सात फरवरी को पहले मैच में नीदरलैंड्स से खेलेगी। इसके बाद उसका मैच 15 फरवरी को कोलंबो में भारत से होगाहोगा। टीम की तेज गेंदबाजी शाहीन शाह अफरीदी और नसीम शाह और मोहम्मद वसीम जूनियर के पास रहेगी। बाबर के अलावा फखर जमान, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब और सलमान आगामी टूर्नामेंट में टीम मुख्य बल्लेबाज होंगे। स्क्वॉड में फहीम अशरफ, शादाब खान और मोहम्मद नवाज जैसे ऑलराउंडर भी शामिल हैं।

टी20 विश्व कप 2026 के लिए पाकिस्तान का स्क्वॉड- सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, फखर जमान, ख्वाजा मोहम्मद नफे (विकेट कीपर), मोहम्मद नवाज, मोहम्मद सलमान मिर्जा, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान (विकेटकीपर), सैम अयूब, शाहीन शाह अफरीदी, शादाब खान, उस्मान खान, उस्मान तारिक।

# क्रिकेट स्कॉटलैंड टी20 विश्वकप में अवसर देने के लिए आईसीसी का अभार जताया

## टूर्नामेंट में श्रेष्ठ प्रदर्शन का वादा किया

दुबई। क्रिकेट स्कॉटलैंड ने टी20 विश्व कप 2026 में शामिल किये जाने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का आभार जताया है। आईसीसी ने बांग्लादेश के बाहर होने के बाद उसकी जगह पर स्कॉटलैंड को अवसर दिया है। इस प्रकार अवसर मिलने से स्कॉटलैंड क्रिकेट में खुशी का माहौल है। उसने इस अवसर के लिए आईसीसी को धन्यवाद दिया है। क्रिकेट स्कॉटलैंड की सीईओ ट्रुडी लिंडब्लेड ने कहा, मुझे आईसीसी का एक पत्र मिला जिसमें पूछा गया था कि हमारी पुरुष टीम टी20 विश्व कप में खेलेगी। इस प्रस्ताव को हमने स्वीकार कर लिया है। वहीं क्रिकेट स्कॉटलैंड के अध्यक्ष विल्फ वॉल्श ने कहा कि आज सुबह मुझे आईसीसी अध्यक्ष जय शाह का फोन आया, जिसमें उन्होंने कहा कि टलैंड को आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में खेलने का प्रस्ताव मिलने जा रहा है। मुझे इसे स्वीकार करके खुशी हुई, जो जाने के लिए तैयार है। हम इस अवसर का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने कहा, यह स्कॉटलैंड के खिलाड़ियों को अपने प्रशंसकों मर्थकों के सामने वैश्विक मंच पर खेलने और मुकाबला करने का एक अवसर मिला है। हमारे खिलाड़ी टूर्नामेंट में श्रेष्ठ प्रदर्शन का प्रयास करेंगे। स्कॉटलैंड की टीम जल्द ही भारत पहुंचने की तैयारी कर रही है ताकि वहां के माहौल में ढल सके और विश्व कप में अपना योगदान दे सके। स्कॉटलैंड को विश्व कप में बांग्लादेश की जगह ग्रुप सी में शामिल किया गया है।



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



# 77वें गणतंत्र दिवस की

## प्रदेशवासियों को अनेक मंगलकामनाएं



"भारत के 77वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। आज राष्ट्र के हर नागरिक के हृदय में देशभक्ति और देश के लिए गर्व का भाव सशक्त हो रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की नेतृत्व क्षमता के फलस्वरूप यह सब संभव हो पाया है। आज भारत वैश्विक शक्ति बनकर उभर रहा है।"

**-डॉ. मोहन यादव**, मुख्यमंत्री

डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश

## मध्यप्रदेश की उन्नति के मुख्य स्तंभ

**अन्नदाता की समृद्धि से प्रगति की ओर मध्यप्रदेश**
वर्ष 2026 को 'किसान कल्याण वर्ष' के रूप में घोषित किया गया है, इसका उद्देश्य अन्नदाता को समृद्ध और सशक्त बनाना है।

**युवा शक्ति से राष्ट्र निर्माण**
मध्यप्रदेश के युवा सक्षम और कौशलवान बनकर अपने सपनों को साकार करें और समाज में सकारात्मक बदलाव लाएं, इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

**गरीब एवं जनजातीय वर्ग की तरक्की का संकल्प**
गरीब और जनजातीय वर्ग के उत्थान के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, रोज़गार और समस्त मूलभूत सुविधाओं के लिए हमारी सरकार संकल्पित है।

**सशक्त नारी - सशक्त मध्यप्रदेश**
नारी परिवार और समाज का दर्पण होती है। महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनके पोषण, स्वास्थ्य से लेकर शिक्षा एवं रोज़गार तक का ख्याल प्रदेश सरकार रख रही है।

**अतुल्य विरासत से वैभवशाली मध्यप्रदेश**
मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक विरासत अत्यंत अद्भुत एवं समृद्ध है। यहां नैसर्गिक सुंदरता के साथ-साथ कला और संस्कृति भी बहुआयामी है।

**औद्योगिक विकास का नया अध्याय**
मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास का एक उभरता केंद्र बन चुका है। गांवों को शहरों से जोड़ना हो या नए उद्योग स्थापित करने हों, प्रदेश आज चौतरफा विकास की ओर लगातार आगे बढ़ रहा है। D11193/25

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @JansamparkMP JansamparkMP

दक्षिण सतपुड़ा
राजनीति | समाज | देशकाल
और गांव कनेक्शन की खबरें

# पद्मेश न्यूज़
शहर | समाज | गांव



बालाघाट एक्सप्रेस
/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com

## मुलना स्टेडियम में होगा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह

### कलेक्टेर मृणाल मीना फहराएंगे तिरंगा झण्डा, लेंगे परेड की सलामी

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।**

जिले में गणतंत्र दिवस को गरिमामय एवं उल्लासपूर्ण ढंग से मनाने की तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। जिला प्रशासन बालाघाट द्वारा 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर मुलना स्टेडियम, बालाघाट में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 9 बजे प्रारंभ होगा।



इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी बालाघाट मृणाल मीना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और उनके द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। जिला प्रशासन ने जिलेवासियों से समारोह में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर राष्ट्रीय पर्व की गरिमा बढ़ाने की अपील की है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 8:58 बजे मुख्य अतिथि का आगमन होगा, जिसके पश्चात 09 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा परेड निरीक्षण किया जाएगा तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का संदेश वाचन किया जाएगा। 9:25 बजे आकर्षक परेड मार्चपास्ट का आयोजन होगा। कार्यक्रम की अगली कड़ी में प्रातः 9:50 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विभिन्न विभागों द्वारा झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा, जो जिले की सांस्कृतिक विरासत, विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रदर्शित करेगा। प्रातः 10:50 बजे उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। समारोह का समापन 11:30 बजे किया जाएगा। मुख्य समारोह विभन्नि विभागों द्वारा शासकीय योजनाओं पर आधारित आकर्षक झाँकियाँ निकाली जायेंगी।

जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस समारोह में आम नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं सामाजिक संगठनों की गरिमामयी उपस्थिति अपेक्षित है। गणतंत्र दिवस के इस ऐतिहासिक अवसर पर राष्ट्रभक्ति, एकता और गौरव की भावना के साथ जिलेवासी उत्साहपूर्वक भाग लेंगे।

## मलाजखंड में हॉक फोर्स के प्रधान आरक्षक के सूने मकान में बड़ी चोरी

## ताला तोड़कर लाख रुपए से अधिक का माल पार

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** जिले के मलाजखंड थाना अंतर्गत बंजारी टोला में चोरों ने बेखौफ होकर हॉक फोर्स में पदस्थ प्रधान आरक्षक के सूने मकान को निशाना बनाते हुए बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात एवं नगद रकम सहित करीब एक लाख रुपए से अधिक का सामान चोरी कर लिया। यह घटना 24 एवं 25 जनवरी की दरमियानी रात की बताई जा रही है। मलाजखंड पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला कायम कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बंजारी टोला निवासी हॉक फोर्स के प्रधान आरक्षक सतीश मातरे 36 वर्ष वर्तमान में जिले की बंधनखेरो पुलिस चौकी में पदस्थ हैं। उनकी पत्नी सरिता मातरे पीएससी मोहगांव में स्टाफ नर्स के पद पर कार्यरत हैं। 24 जनवरी को सरिता मातरे की रात्रिकालीन ड्यूटी पीएससी मोहगांव में लगी हुई थी।बताया गया कि 24 जनवरी की शाम करीब 8 बजे प्रधान आरक्षक सतीश मातरे अपनी पत्नी सरिता मातरे एवं दोनों बच्चों के साथ घर में ताला लगाकर पीएससी मोहगांव चले गए थे। उस रात सतीश मातरे भी मोहगांव में ही रुक गए थे। इसी दौरान चोरों ने सूने मकान का फायदा उठाते हुए मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया। 25 जनवरी की सुबह करीब 7 बजे जब सतीश मातरे घर लौटे तो उन्होंने देखा कि मकान का दरवाजा खुला हुआ था और ताला टूटा पड़ा था। अंदर जाकर देखने पर दोनों कमरों की अलमारियां खुली हुई थीं और सामान बिखरा पड़ा था। चोरी की आशंका होते ही उन्होंने तत्काल अपनी पत्नी सरिता मातरे को फोन पर घटना की जानकारी दी। इसके बाद ड्यूटी से लौटकर सरिता मातरे ने घर का सामान चेक किया। जांच के दौरान अलमारी से सोने का एक मंगलसूत्र, एक जोड़ी सोने के झुमके, एक जोड़ी सोने के कंगन, सोने की दो अंगूठियां, सोने की एक जोड़ी कान की बालियां, एक जोड़ी चांदी की पायल तथा अलमारी में रखी नगद राशि गायब पाई गई। चोरी गए सोने-चांदी के जेवरात की अनुमानित कीमत करीब 97 हजार रुपये बताई जा रही है। कुल मिलाकर चोर करीब एक लाख रुपये से अधिक का माल लेकर फरार हो गए। प्रधान आरक्षक सतीश मातरे द्वारा की गई शिकायत के आधार पर मलाजखंड पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध चोरी का मामला पंजीबद्ध कर लिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस आसपास के क्षेत्र में पूछताछ कर रही है और संदिग्धों की तलाश में जुटी हुई है।










JOBSAHI
जॉब आपकी जेब में !
SATPUDA GROUP
भारत का सबसे बड़ा
OPEN MEGA CAMPUS DRIVE
100+ COMPANIES
8000+ JOBS
देश के सभी राज्यों के Government एवं Private संस्थानों के छात्र-छात्राओं के लिए नि:शुल्क भर्ती !
(योग्यता: ITI, Polytechnic, BE/BTech, BSc, 10th, 12th, BA, BCom )
मुख्य विशेषताएँ :
- 34,000 रुपए प्रति माह तक की सैलरी*
- Satpuda Group की Guarantee
- पूरी तरह FREE भर्ती
- 24 घंटे में Offer Letter *
SCAN TO APPLY
Satpuda Engineering College, Manjhapur, Lalburra Road, BALAGHAT (M.P.) 481001
+91 6262604133 +91 6262604110 जानकारी एवं सहायता के लिए Google पर Jobsahi सर्च करें या दिए गए संपर्क नंबर पर कॉल करें।

पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेढ़ापन, नि:संतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464







स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस कार्यालय, काली पुतली चौक, बालाघाट(म.प्र.) से प्रकाशित, **प्रधान संपादक : उमेश बागरेचा**, मो.नं. :9425138710, **स्थानीय संपादक : डॉ. विपिन बिहारी शांडिल्य**, ई-मेल- balaghatexpress@gmail.com पंजीयन क्रं. MPHIN/2009/32311, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट